दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 279 | जयपुर | मंगलवार, 12 अगस्त, 2025 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष-तृतीया संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2.00 | पृष्ठ : 10

www.badhatarajasthan.in | badhatarajasthan@yahoo.com | badhatarajasthan.dainik | badtarajasthan


## संक्षिप्त समाचार

### प्रो. नंदकिशोर बने हरिदेव जोशी पत्रकारिता यूनिवर्सिटी के कुलगुरु

**राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने जारी किया आदेश, 3 साल का रहेगा कार्यकाल**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने प्रो. नन्द किशोर पाण्डेय को हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार यूनिवर्सिटी जयपुर के कुलगुरु पद पर नियुक्त किया है। जिसके बाद कुलगुरु पद पर यह नियुक्ति प्रो. पांडेय के कार्यभार संभालने की तारीख से तीन साल या फिर पांडेय की 70 साल की आयु प्राप्त करने तक इनमें से जो भी पहले के लिए की गई है। प्रो. नंदकिशोर उपाध्याय का जन्म सन 1965 ग्राम-भंटी, जिला-सीवान, बिहार में हुआ। मूर्तिपूजक शिक्षा गांव से पूरी करने के लिए इन जगहों पर काशी हिंदू विश्वविद्यालय से बी.ए. (हिन्दी), एम.ए. (हिन्दी), त्रिपुरा. डी. तथा तेलुगु (एडवांस बाइट) की डिग्री प्राप्त की। पांडेय राजस्थान के राजकीय महाविद्यालयों में, राजीव गांधी विश्वविद्यालय, ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश) में पाठक, प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष रह चुके हैं। इसके साथ ही वे फ़्रैंचाइज़ी राजस्थान विश्वविद्यालय के मानविकी पृष्णि के निदेशक, कला अकादमी-अधिष्ठाता के रूप में कार्य कर चुके हैं। डॉ. पांडे वैज्ञानिक और तकनीकी वैज्ञानिक आयोग के अध्यक्ष रह रहे हैं। वर्तमान में इंग्लिश इंस्टिट्यूट, आगरा के निदेशक पद पर कार्यरत्त हैं।

### छात्रसंघ-चुनाव की मांग को लेकर भूख-हड़ताल पर बैठे छात्र

**बोले- चुनावी फीस वसूलने के बाद भी यूनिवर्सिटी प्रशासन कर रहा मनमानी**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में छात्र संघ चुनाव को लेकर विरोध बढ़ता जा रहा है। सोमवार को राजस्थान यूनिवर्सिटी में छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर छात्र नेता शुभम रेवाड़ अपने समर्थकों के साथ आमरण अनशन पर बैठ गए हैं। उन्होंने कहा कि जब तक चुनाव नहीं होंगे, हमारा अनशन जारी रहेगा। छात्र नेता शुभम रेवाड़ ने कहा कि राजस्थान यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा आम छात्रों से एडमिशन फीस के साथ ही चुनावी शुल्क भी वसूला गया था। जिसके बाद से ही आम छात्र पिछले लंबे वक्त से यूनिवर्सिटी चुनाव की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा हमारे वाजिब मांग की सुनवाई नहीं की जा रही है।

शुभम ने बताया कि इस बार छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर छात्र न सिर्फ यूनिवर्सिटी बल्कि, सड़कों पर उत्तर भी विरोध जाता चुके हैं। यूनिवर्सिटी से पूर्व छात्र संघ पदाधिकारी रहे सांसद-विधायक पूर्व मुख्यमंत्री भी सरकार से चुनाव की मांग कर चुके हैं। बावजूद इसके राजस्थान यूनिवर्सिटी प्रशासन के कानून में जू तक नहीं रेंग रही है।

### यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने मोदी से फोन पर बातचीत की

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने सोमवार को पीएम मोदी को फोन कर बातचीत की। जेलेंस्की ने ट्वीटर पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा- मैंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ लंबी बातचीत की। हमने द्विपक्षीय सहयोग और वैश्विक कूटनीतिक पर विस्तार से चर्चा की।

जेलेंस्की ने मोदी को यूक्रेन पर रूसी हमलों के बारे में बताया। उन्होंने कहा- मैंने उन्हें (पीएम मोदी को) हमारे ऊपर रूसी हमलों के बारे में बताया, खासकर कल जापोरिझिया में बस स्टेशन पर हुए हमले के बारे में, जहां रूस ने जानबूझकर एक शहर पर बमबारी की, जिसमें दर्जनों लोग घायल हुए।

जेलेंस्की ने कहा कि- भारत हमारे शांति प्रयासों का समर्थन कर रहा है और इस बात पर सहमत है कि यूक्रेन से जुड़ा हर फैसला यूक्रेन की भागीदारी के साथ ही होना चाहिए।

**जेलेंस्की ने भारत को रूस से तेल खरीद कम करने को कहा**-जेलेंस्की ने मोदी से रूस पर प्रतिबंध लगाने पर भी बात की और रूस के तेल निर्यात को सीमित करने को कहा। जिससे जंग को बढ़ाने की उसकी क्षमता कम हो सके। जेलेंस्की ने मोदी से सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान व्यक्तिगत मुलाकात करने की बात कही। साथ ही दोनों नेताओं ने एक-दूसरे के देशों की यात्राओं पर विचार करने का फैसला किया है।

**जेलेंस्की बोले- यूक्रेन का दूसरी बार बंटवारा नहीं होने देंगे**-इस बातचीत से पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने एक्स पर वीडियो पोस्ट करते हुए कहा था कि रूस को किसी भी हाल में यूक्रेन का दूसरा बंटवारा करने नहीं दिया जाएगा।



## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत क्लेम भुगतान कार्यक्रम

# कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़, किसान देश की आत्मा : चौहान

## हम कृषक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार अन्नदाता को बना रही ऊर्जादाता : सीएम शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ और किसान भारत की आत्मा है। हमारी डबल इंजन की सरकार राजस्थान में किसानों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही हैतथा कृषि का रोड़ मैप बनाते हुए वैज्ञानिक पद्धति को प्रोत्साहित कर रही है।

उन्होंने राजस्थान सरकार द्वारा कृषक हित में किए जा रहे अभूतपूर्व कार्यों के लिए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ब्याज मुक्त ऋण, पीएम किसान सम्मान निधि में वृद्धि, किसानों को दिन में बिजली जैसी सौगातों से किसानों को राहत मिली है।

श्री चौहान सोमवार को झुंझुनूं में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसल बीमा क्लेम भुगतान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि झुंझुनूं वीरों की भूमि है तथा देश की सुरक्षा करते हुए यहां के सैंकड़ों जवानों ने बलिदान दिया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम के कायराना हमले के बाद प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारी भारतीय सेनाओं ने आतंकवादियों के आकाओं के अड्डे नष्ट कर दिये और उन्हें खंडहर में परिवर्तित कर दिया।

केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि किसान दिन-रात मेहनत करते हैं, परन्तु बाढ़, सूखा, पाले जैसी प्राकृतिक आपदाओं से उनकी फसलें नष्ट हो जाती है।

उन्होंने कहा कि पूर्व में फसल खराबा होने पर गांव अथवा व्यक्तिगत किसान को मुआवजा नहीं मिल पाता था। लेकिन अब प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत एक किसान को भी अपनी फसल के मुआवजेकी पूरी राशि सीधे उसके खाते में मिलती है। पीएम फसल बीमा योजना के तहत प्रदेश में 7 करोड़ से अधिक पॉलिसी जारी श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 7 करोड़ 4 लाख फसल बीमा पॉलिसी की जा चुकी हैं जो गत सरकार के शुरुआती 2 वर्षों से लगभग 4 गुना अधिक हैं। साथ ही, 1 करोड़ 48 लाख किसानों को फसल बीमा क्लेम का भुगतान किया जा चुका है।



### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कृषक हित में हो रहे उल्लेखनीय कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने शेखावाटी क्षेत्र में यमुना का पानी लाने के लिए यमुना जल समझौता किया तथा इसका धरातलीय सर्वे भी प्रारंभ कर दिया गया है।उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय किसानों के लिए ना कोई नीति थी और ना ही नीयत। लेकिन आज किसान कल्याण की योजनाओं की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके खातों में पहुंचती है। प्रधानमंत्री ने हाल ही में किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त के तहत 20 हजार 500 करोड़ से अधिक की राशि देशभर के 9 करोड़ 70 लाख किसानों के खातों में सीधे ट्रांसफर की, साथ ही प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के तहत कृषक कल्याण के लिए 24 हजार करोड़ रुपये दिए जाएंगे।



### नकली बीज, खाद तथा पेस्टिसाइड के खिलाफ बनेगा नया कानून

केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वैभवशाली, गौरवशाली, समृद्ध और विकसित भारत का निर्माण हो रहा है। भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है तथा तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देश में वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा दे रहे हैं, ताकि किसानों की आमदनी बढ़े। यूरिया, डीएपी, खाद, बीज सहित सभी कृषिगत संसाधनों पर केन्द्र सरकार द्वारा अनुदान दिया जा रहा है। फसलों की लागत में 50 प्रतिशत मुनाफा जोड़करएमएसपी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा नकली बीज, नकली खाद तथा नकली पेस्टिसाइड के खिलाफ नया कानून भी बनाया जाएगा। साथ ही, विकसित कृषि संकल्प अभियान भी चलाया जाएगा, जिसके तहत वैज्ञानिकों द्वारा गांवों में जाकर किसानों को बीज, खाद तथा उर्वरकों संबंधित जानकारी दी जाएगी।

## वोटर वेरिफिकेशन के खिलाफ विपक्ष का मार्च

# राहुल-प्रियंका, अखिलेश को हिरासत में लिया, 2 घंटे बाद छोड़ा






बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वोटर वेरिफिकेशन और चुनाव में वोट चोरी के आरोप पर विपक्ष के 300 सांसदों ने सोमवार को संसद से चुनाव आयोग के ऑफिस तक मार्च निकाला। इस दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव समेत कई विपक्षी सांसदों को हिरासत में लिया गया। पुलिस उन्हें संसद मार्ग पुलिस स्टेशन ले गई, जहां से 2 घंटे बाद रिहा कर दिया गया।

हिरासत में लिए जाने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि यह संविधान बचाने की लड़ाई है। ये एक व्यक्ति-एक वोट की लड़ाई है, इसलिए हमें साफ वोटर लिस्ट चाहिए। वहीं प्रियंका गांधी ने कहा कि यह सरकार डरी हुई है और कायर है। मार्च के दौरान अखिलेश ने बैरिकेडिंग फांदकर आगे बढ़ने की कोशिश की। जब सांसदों को आगे नहीं जाने दिया गया तो वे जमीन पर बैठ गए। प्रियंका, डिंपल समेत कई सांसद वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाते दिखे। प्रदर्शन के दौरान टीएमसी सांसद मिताली बाग और महुआ मोइत्रा की तबीयत बिगड़ गई। बेहोश हो गईं। राहुल गांधी और अन्य सांसदों ने उनकी मदद की। इससे पहले दोनों सदनों में इस मुद्दे पर भारी हंगामा हुआ।

### दिल्ली पुलिस बोली- सांसदों ने मार्च के लिए अनुमति नहीं मांगी

मार्च संसद के मकर द्वार से शुरू हुआ। सांसदों के हाथों में वोट बचाओ के बैनर थे। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने कहा था कि इंडिया ब्लॉक ने मार्च के लिए कोई अनुमति नहीं मांगी है, इसलिए इलेक्शन कमीशन जाने से पहले ही मार्च को परिवहन भवन के पास बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया गया।







सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू, टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

दैनिक बढ़ता राजस्थान

# जेडीए की बड़ी कार्रवाई : 11 बीघा भूमि पर बनी तीन अवैध कॉलोनियां ध्वस्त, सड़क सीमा से अतिक्रमण हटाया



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने सोमवार को जोन-9 और जोन-12 में मिलाकर करीब 11 बीघा कृषि भूमि पर बनी तीन नवीन अवैध कॉलोनियों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया और सड़क सीमा से अतिक्रमण हटाया।

जोन-9 में सिंदोली पावर हाउस के पास, कादडवास (जिला जयपुर) में निजी खातेदारी की लगभग 4 बीघा कृषि भूमि पर बिना जेडीए स्वीकृति और भू-रूपांतरण के मिट्टी-ग्रेवल सड़के, प्लॉटों की बाउंड्रीवाल और अन्य अवैध निर्माण कर कॉलोनी बसाने के प्रयास को जेसीबी मशीन और श्रमिकों की मदद से नष्ट किया गया।

इसी जोन में जगतपुरा लोटस विला के पास कियारा विल कॉलोनी की सड़क सीमा में बने चबूतरे, लकड़ी की टाटियां और अन्य अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश देने के बावजूद अतिक्रमण न हटाने पर प्रवर्तन दल ने मौके पर कार्रवाई कर सड़क सीमा को अतिक्रमण मुक्त कराया। जोन-12 में कालवाड़ रोड, ग्राम चम्पापुरा (जिला जयपुर) में करीब 2 बीघा भूमि और ग्राम रामकुई, कालवाड़ में करीब 5 बीघा भूमि पर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को भी ध्वस्त किया गया। यहां भी बिना स्वीकृति और भू-रूपांतरण के सड़के, बाउंड्रीवाल और अन्य निर्माण कार्य किए जा रहे थे। ये सभी कार्रवाइयां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में, उपनियंत्रक प्रवर्तन-तृतीय व चतुर्थ, प्रवर्तन अधिकारी जोन-9 व 12 तथा राजस्व व तकनीकी स्टाफ की मौजूदगी में संपन्न हुईं। जेडीए प्रवर्तन प्रकोष्ठ के अनुसार वर्ष 2024 में 383 और वर्ष 2025 में अब तक 252, कुल 635 नवीन अवैध कॉलोनियां ध्वस्त कर कॉलोनी बसाने के प्रयास विफल किए गए हैं।

# मुस्लिम शाह समाज ने उमरा पर जाने वाले लोगों का किया इस्तकबाल

## हर मुसलमान पर जरुरी है हज यात्रा जिनके पास जायज धन है- भूदेव डागुर सरपंच संघ अध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** मुस्लिम शाह समाज के जिला मीडिया प्रभारी अजीम खान चनायटा ने बताया कि हिंडौन तहसील के गांव खरेटा से जायरीन मक्का मदीना में उमरा करने के लिए सोमवार को रवाना हुए। इनमें हाफिज जुम्मा शाह व उनकी बेगम अख्तरी शामिल हैं। जायरीन जुम्मा शाह ने बताया कि उनकी फ्लाइट दिल्ली से हैं। वहां से मंगलवार को मक्का मदीना के लिए रवाना होंगे। खरेटा मस्जिद के इमाम ने कहा कि इस्लाम धर्म में जीवन में कम से कम एक बार हज करना चाहिए अगर किसी के पास इसके लिए धन है। करौली मुस्लिम शाह समाज व गांव वालों ने जायरीन को फूल मालाओं से सजाया और उन्हें दूल्हे की तरह तैयार कर हज यात्रा के लिए रवाना किया। जायरीन ने गांव के बड़े बुजुर्गों और बच्चों से मुलाकात की। अकीदत मंदों ने नारे तकबीर के साथ उनका स्वागत किया।कार्यक्रम में मुस्लिम शाह समाज के जिला मीडिया प्रभारी अजीम खान चिनायटा, खरेटा सरपंच भूदेव डागुर सरपंच संघ अध्यक्ष,मजीद शाह जयपुर, हाफिज सुलेमान,हाफिज सिराजुद्दीन,लाला खरेटा,वसीम भाई,मुजीम शाह चिनायटा, महबूब व गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# व्यापार मंडल सोसायटी राजसमंद की 15 अगस्त एवं वन भ्रमण कार्यक्रम को लेकर बैठक



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** कार्यक्रमों को लेकर समस्त व्यापार मंडल सोसायटी राजसमंद की कार्यकारिणी की एक बैठक का आयोजन अध्यक्ष कमलेश कोठारी की अध्यक्षता में की गई ।समस्त व्यापार मण्डल सोसायटी के महासचिव प्रदीप खत्री ने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त स्वाधीनता दिवस एवं समस्त व्यापार मण्डल सोसायटी का वार्षिक अधिवेशन एवं वन भ्रमण कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई ।जिस पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राणाराज सिंह वाचनालय ,पुराना बस स्टैंड,पंडित दीनदयाल उपाध्याय सर्कल पर प्रात: 9ः15 ध्वजारोहण कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। साथ ही वार्षिक अधिवेशन एवं वन भ्रमण कार्यक्रम 18 अगस्त सोमवार को आमेट के टीकर नामक स्थान पर स्थित श्री पशुपति नाथ महादेव जी पर रखना तय हुआ । अध्यक्ष कमलेश कोठारी द्वारा दोनों कार्यक्रमो को लेकर कार्यकारिणी के सदस्यों को अलग अलग जिम्मेदारियां दी गई ।बैठक में संरक्षण भंवर लाल दर्जी, नीलकंठ सोनी, अध्यक्ष कमलेश कोठारी, महासचिव प्रदीप खत्री , कोषाध्यक्ष प्रहलाद वैष्णव, अशोक विजयवर्गीय, रमेश मांडोत, दुर्गेश यादव , कमलेश रायका, कन्हैयालाल मोची , कालूराम सेन, सिद्धू मादरेचा सहित कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे।

# कांकरोली थाने में ज्वेलर की मौत, 1 करोड़ मुआवजा मांगा

## चोरी का माल खरीदने के केस में बुलाया था; बेटा बेसुध हुआ, धरना-प्रदर्शन जारी

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद में चोरी का मामला पुलिस के गले की फांस बन गया। दरअसल चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा। उसने कहा कि चोरी का माल एक ज्वेलर को बेच दिया। पुलिस ने ज्वेलर को थाने बुलाया। आरोप है कि वहीं उसकी तबीयत बिगड़ी और मौत हो गई। शव राजसमंद के जिला हॉस्पिटल में है। मामला राजसमंद के कांकरोली थाना का है। व्यापारी भीलवाड़ा के गाडरमाला कस्बे का था।सोमवार को राजसमंद के आरके हॉस्पिटल में जुटे मृतक व्यापारी के भाई कैलाश सोनी ने बताया- खूबचंद सोनी (50) पुत्र बद्रीमल सोनी की भीलवाड़ा के गाडरमाला कस्बे में ज्वेलरी की दुकान है। थाना इलाके में चोरी के एक मामले में पकड़े गए एक आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया था कि उसने चोरी का माल खूबचंद को बेचा था। इसके बाद रविवार दोपहर पुलिस ने खूबचंद को थाने बुलाया।कांकरोली पुलिस थाने में खूबचंद की तबीयत खराब हो गई और मौत हो गई। खूबचंद की मौत के लिए कांकरोली थाना पुलिस जिम्मेदार है।रविवार से परिजन और सर्राफा व्यापारी आरके हॉस्पिटल में धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। इसे लेकर उन्होंने एएसपी महेन्द्र पारीक व डीवाईएसपी विवेक सिंह ने वार्ता की लेकिन सोमवार दोपहर 2.30 बजे तक कोई सहमति नहीं बनी। ऐसे में शव का पोस्टमॉर्टम नहीं हो सका।खूबचंद के भतीजे हिमांशु सोनी ने कहा- काका (चाचा) के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और 1 करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जाए। मामले की सघन जांच की जाए।

### एसपी बोलीं-ज्वेलर पर पहले भी चोरी का माल खरीदने का चालान

इस पूरे मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने कहा- कांकरोली पुलिस थाना सर्कल में चोरी की वारदात की जांच चल रही थी, जिसमें चोरी का माल खरीदने के सत्यापन के लिए व्यापारी को बुलाया था। व्यापारी के खिलाफ पूर्व में भी चोरी का माल खरीदने का चालान पेश हो चुका है।पूरे मामले को लेकर जांच के आदेश दिए गए जो भी जांच सामने आएंगी उसके बाद पुलिस आगे कार्वाई करेंगी।



**बेटा बेसुध हुआ, भर्ती कराया**

खूबचंद के पीछे उनकी पत्नी मधुबाला, बेटी निवेदिता (24), पुत्र प्रदुमन (22), अंशु (18) है। पिता की मौत के बाद बेटा प्रदुमन हॉस्पिटल में बेसुध हो गया। उसे आरके होस्पिटल में भर्ती कराया गया।बता दें कि खूबचंद भीलवाड़ा के गाडरमाला गांव में बल्डा चौराहे पर चारभुजा ज्वेलर्स के नाम से दुकान चलाता था। वह सोने चांदी के आभूषण की रिपेयरिंग का काम था।

# जतन संस्थान द्वारा नंद घर प्रोजेक्ट के तहत शहर में आयोजित ज़िला स्तरीय 'सम्मान समारोह' में 300 आंगनवाड़ी कार्यकताओं को किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** समाजसेवी संस्था जतन संस्थान की ओर से आज प्रतापगौरव केन्द्र में आयोजित एक समारोह में समर्पण और सेवा के भावपूर्ण उत्सव के तहत नंद घर सम्मान समारोह का आयोजन उदयपुर में किया गया, जिसमें ज़िले की उत्कृष्ट आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। वेदांता के सीएसआर प्रोजेक्ट के तहत संचालित इस कार्यक्रम में 300 से अधिक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता (दीदी), राज्य एवं ज़िला स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में ग्रामीण बाल देखभाल एवं शिक्षा में इन महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका का भव्य सम्मान किया गया।

समारोह में बाल पोषण, प्रारंभिक बाल शिक्षा और महिला सशक्तिकरण को बेहतर बनाने में असाधारण प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करने वाली 50 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया, किया है। इन परिवर्तनकर्ताओं को सम्मानित करके, नंद घर का उद्देश्य उत्कृष्टता को प्रेरित करना और मज़बूत सामुदायिक स्वामित्व के माध्यम से स्वास्थ्य, पोषण और प्रारंभिक शिक्षा के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जमीनी प्रयासों को और सुदृढ़ करना है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रतिनिधियों और ज़िला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।



इस मौके पर महिला एवं बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) निदेशक, राजस्थान वसुदेव मलावत ने कहा कि नंद घर के साथ साझेदारी हमें पूरे राजस्थान में आंगनवाड़ी नेटवर्क को सुदृढ़ करने में मदद कर रही है। उदयपुर में 334 नंद घर और राज्यभर में 5,000 से अधिक आधुनिक आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों को गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा और पोषण उपलब्ध करा रहे हैं, साथ ही महिलाओं को कौशल विकास और सशक्तिकरण के अवसर प्रदान कर रहे हैं। हिंदुस्तान जिंक की सीएसआर हेड अनुपम निधि ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हमारें देश में प्रारंभिक बाल देखभाल की रीढ़ हैं। आज हम उनके अटूट जज़्बे और अथक समर्पण का जश्न मना रहे हैं, जिससे हर बच्चे को स्वस्थ और शिक्षित जीवन की शुरुआत मिल सके। वेदांता का नेक प्रोजेक्ट नंद घर, उन्हें आवश्यक संसाधन, प्रशिक्षण और उपकरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे वे स्थायी प्रभाव सृजित कर सकें। जतन संस्थान के निदेशक डॉ कैलाश बृजवासी ने कहा कि विभागीय मार्गदर्शन, वेदांता टीम के सहयोग तथा पंचायतों के हितधारक के समन्वय से आज हम बदलाव के मुकाम पर पहुँच सके है। उदयपुर में आयोजित यह नंद घर सम्मान समारोह न केवल उत्कृष्टता का उत्सव रहा, बल्कि ग्रामीण राजस्थान में पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा और सशक्तिकरण के परिणामों में सुधार के सामूहिक संकल्प का पुन:प्रत्यय भी रहा। समारोह को सम्मानित हुई आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी संबोधित किया।

# गुमनाम शहीदों की लिखी गाथा चकरी का अवलोकन कार्यक्रम आज

## आमजन भी लिख सकेंगे गुमनाम शहीदों के नाम व उनकी गाथा

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** वृक्षम अमृतम संस्थान और के टी एस फाउंडेशन और शायराना परिवार की ओर से सो़भागपुरा सर्किल के पास स्थित केटीएस फाउण्डेशन हॉल में गुमनाम शहीदों एवं शहीद की अनेक घटनाओं को 21 हजार फीट कपड़े पर उतारनें वाले शहर के जाने-मानें वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर मनोज आंचलिया एवं डॉ.सीमा वैद द्वारा तैयार की गयी चकरी का आमजन के अवलोकन हेतु 12 अगस्त को कार्यक्रम रखा गया है। अवलोकन कार्यक्रम प्रात: 11 से सांय 5 बजे तक चलेगा।

वृक्षम अमृत संस्थान के अध्यक्ष गोपेश शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर शहर विधायक ताराचंद जैन,ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, शहर भाजपा जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़,शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष फतेह सिंह राठौड़, समाजसेवी हरीश राजानी और समाजसेवी सौरभ पालीवाल सहित कई जनों को आमंत्रित किया है।

केटीएस फाउंडेशन शोभागपुरा के निदेशक निशित चपलोत ने बताया कि पहली बार आमजन 280 मीटर के कपड़े के रोल पर एक-एक गुमनाम सहित लिखकर अपने देशभक्ति का परिचय देंगे। इस अवसर पर शायराना के संस्थापक मनोज गीतांकर देशभक्ति थीम पर सुर संगम कार्यक्रम शायराना की कलाकारों से प्रस्तुत करेंगे। उल्लेखनीय है वर्ष 2000 से मनोज आंचलिया ने आजादी की ऐसी अज्ञात घटनाओं को इस कपड़े की दीर्घ पट्टी का में समावेश किया है जैसे की चटगांव केस लाहौर षड्यंत्र केस केस काकोरी षड्यंत्र घटना वंदे मातरम पुस्तक किसने लिखी क्रांतिकारी बालमुकुंद बसंत विश्वास जनरल सोहन सिंह की भूमिका मल्लप्पा को फांसी क्यों दी गई प्रथम विश्व युद्ध में भारतीय क्रांतिकारियों को लेकर जापानी जहाज का नाम क्या था ऐसी हजारों घटनाओं को विश्व की सबसे दीर्घाटम पट्टिका पर लिखने का प्रयास किया है।

मीडिया प्रभारी देवेन्द्र साहू ने बताया कि इस चकरी में दिनेश मजूमदार सत्कार बनर्जी नोनिया बांका महादेव देसाई विनायक देशपांडे जैसे हजारों गुमनाम शहीदों की पराक्रम गाथा को शहर के संग्रहकर्ता मनोज आंचलिया और डॉ. सीमा वेद द्वारा लिखा गया है।

# 17 अगस्त को दो सत्रों में होगी पटवारी भर्ती परीक्षा

## एडीएम ने जारी किए दिशा-निर्देश, नियमों की करनी होगी सख्त पालना

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर द्वारा पटवार सीधी भर्ती परीक्षा-2025 का आयोजन दिनांक 17-08-2025 (रविवार) को दो सत्रों में प्रात: 09.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक तथा सायंकाल 03.00 बजे से 06.00 बजे तक आयोजित की जायेगी ।राजसमन्द जिला मुख्यालय के 07 परीक्षा केन्द्रों जिसमें 05 राजकीय विद्यालय एवं 02 निजी विद्यालय के परीक्षा केन्द्रों पर दो पारियों में आयोजित की जायेगी। प्रथम पारी में 2587 अभ्यर्थी तथा द्वितीय पारी में 2584 अभ्यर्थी कुल 5171 अभ्यर्थी प्रविष्ट होंगे। अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारम्भ होने से 01 घण्टे पूर्व अर्थात प्रात: 08 बजे तक ही प्रवेश दिया जायेगा इसके पश्चात प्रवेश वर्जित रहेगा ।परीक्षा समन्वयक एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर राजसमन्द श्री नरेश बुनकर ने बताया कि उक्त परीक्षा के सफल संचालन हेतु आवश्यक नियुक्तियां एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर दी गई है।

परीक्षा के प्रभावी निरीक्षण हेतु 02 सर्तकता दलों का गठन किया गया है ।उक्त परीक्षा में पारदर्शिता, अनुचित साधनों का प्रयोग व नकल जैसी अवांछित गतिविधियों की रोकथाम हेतु प्रत्येक केन्द्र पर बायोमेट्रिक व सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था बोर्ड द्वारा की गई है ।परीक्षा की सूचिता बनाये रखने हेतु बोर्ड द्वारा परीक्षार्थियों के लिए ड्रेस कोड का निर्धारण किया गया है।

जिसका सख्ती से पालन करवाया जाएगा ।एडीएम ने बताया कि पुरुष अभ्यर्थी आधी / पूरी आस्तीन के शर्ट / टी-शर्ट, कुर्ता पाजामा, पैन्ट पहन कर आयेंगे। जीन्स पहन कर आने की अनुमति नहीं होगी। अपनी वेशभूषा में बड़ा बटन, मेटल बटन, किसी प्रकार के ब्रोच (जडाऊ पिन) या बैज या फूल आदि लगा कर आने की अनुमति नहीं होगी ।महिला अभ्यर्थी सलवार सूट, चुन्नी या साड़ी, आधी / पूरी आस्तीन का कुर्ता / ब्लाउज पहन कर एवं बालों में साधारण रबड बैण्ड लगा कर आ सकेगी। लाख / कांच की पतली चूड़ियों के अलावा किसी भी प्रकार के जेवरात यथा अन्य प्रकार की चूड़िया कान की बाली अंगूठी, ब्रेसलेट इत्यादि वर्जित रहेगें ।परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र में किसी भी प्रकार की घड़ी, धूप का चश्मा, बैल्ट, हैंडबैग, हेयर पिन, गण्डा / ताबीज, कैप/हैट, स्कार्फ, स्टॉल, शॉल, मफलर पहनकर परीक्षा में शामिल नहीं होंगे। हवाई चप्पल (स्लीपर) सैंडल, जूते एवं मोजे सभी छोटे टखने (ठ्ठ्ठ्ठ्ठ) तक के पहनकर आने की अनुमति होगी। यदि किसी वस्तु को पहनकर आने में या ड्रेस कोड में शामिल होने के संबंध में संदेह / विवाद हो तो इस संबंध में केन्द्र पर परीक्षा से जुड़े हुए अधिकारी का निर्णय मान्य होगा।

# कलश यात्रा के साथ ही 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव प्रारम्भ

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** कन्हैयालाल धायभाई और पूलां की पूर्व पार्षद श्रीमती मंदाकिनी धायभाई की ओर से वृंदावन के महाराज वैंकटेश भाई मुखारविंद से कथा स्थल श्री कृष्ण वाटिका, धायभाई जी की पुलां में सोमवार से 7 दिवसीय श्रीमद्भावगत कथा प्रारम्भ हुई। कथा से पूर्व क्षेत्र में कलश यात्रा निकाली गई।

नानूराम वैष्णव ने बताया कि कलश यात्रा श्रीरुपनारायण जी मंदिर पुलां से श्रीमद्भागवत यात्रा और कलश शोभायात्रा प्रारम्भ हुई जो विभिन्न मार्गो से होती हुई कथा स्थल श्री कृष्ण वाटिका पुलां पहुंची। उसके बाद प्रतिदिन दोपहर 1 से 4 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा। श्रीनाथ जी के मेवाड़ में आने एवं श्रीनाथ के नाम के अर्थ का महत्व बताया। श्रीमद्भागवतकथा का महत्व बताया। महिलायें गुलाबी साड़ी में एवं पुरूष परम्परागत वेशभूषा धोती कुर्ता व साफा पहन कर भाग लिया।




कथा के दौरान दूसरे दिन शिव-पार्वती उत्सव का आयोजन होगा। आयोजन में भीलवाड़ा, चित्तौड़, अजमेर,किशनगढ़ जोधपुर व जयपुर सहित अनेक स्थानों से आये भक्तों ने भाग लिया। आयोजन मे सांवरिया सत्संग परिवारजनों ने भी भाग लेकर कथा श्रवण किया। प्रतिदिन उत्सवों के आयोजन होंगे जिसमें श्रीकृष्ण जन्म, श्रीद्वारिकाधीश रुक्मिणी विवाह, श्री गोवर्धन पुजा, श्री गिरिराज धरण छप्पन भोग, श्री नृसिंह अवतार, भक्त प्रह्लाद और हरिण्यकश्यप वध शामिल होंगे। इसी तरह 17 अगस्त को कथा का महोत्सव समापन होगा। जिसमें प्रतिदिन उदयपुर, चितोड, भीलवाड़ा, किशनगढ़, अजमेर, जयपुर सहित कई स्थानों से सैकड़ों सनातनधर्मी भक्त गण श्रीमद्भागवत कथा श्रवण कर लाभ लेंगे।

# हर घर तिरंगा अभियान: प्रागपुरा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर और विशाल तिरंगा बाइक रैली 13 अगस्त को

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल )।** आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रागपुरा में एक भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा मंडल प्रवक्ता व जन सेवक विजय स्वामी के नेतृत्व में 13 अगस्त बुधवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर और विशाल तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया जाएगा।

टीम विजय स्वामी के सदस्यों ने बताया कि स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन 13 अगस्त को दोपहर 12 बजे से शाम 06 बजे तक किया जाएगा। इस शिविर में क्षेत्र के लोग बढ़-चढ़कर भाग लेंगे और रक्तदान कर समाज सेवा में अपना योगदान प्रदान करेंगे। विशाल तिरंगा बाइक रैली प्रात: 08ः15 बजे प्रागपुरा कस्बे के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ढ़ाणी पारोड़ा वार्ड नं. 01



से शुरू होगी। रैली ढाणी बड़नगर वाली, ढ़ाणी मटेली वाली, ढ़ाणी आनिकाली से बागडाला राजकीय उच्च प्रा. संस्कृत विद्यालय, ढ़ाणी कटारियों की, ढ़ाणी बागवाली, ढ़ाणी नोकड़ीयो की, प्रागपुरा नृसिंह मंदिर से रामलीला मैदान होते हुए सुभाष चौंक, पुलिस थाना प्रागपुरा से पदमा होटल, सर्विस रोड़ लाइन होते हुए मंगल्यावाली प्याऊ, एमडीआर रोड़ से विराट इंटरनेशल स्कूल के सामने से कस्बे के विभिन्न मुख्य मार्गों से होती हुई ढाणी मिश्रावाली पहुंचकर विसर्जित होगी।

जन सेवक विजय स्वामी ने बताया कि इस रैली के माध्यम से क्षेत्र के लोगों में देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने और हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का प्रयास किया जाएगा। सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र के युवा हाथों में तिरंगा लिए बाइकों पर सवार होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के अभियान को सफल बनाएंगे। विजय स्वामी ने बताया कि रैली की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी गई हैं। सभी कार्यकर्ता रैली को सफल बनाने के लिए जी-जान से जुटे हुए हैं। इस आयोजन के माध्यम से क्षेत्र में एकता और अखंडता का संदेश फैलाने का प्रयास किया जाएगा।

# सहयोग, समन्वय और सामंजस्य से धरातल पर साकार होंगे शत-प्रतिशत एमओयू

## जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने निवेशकों से किया वन-टू-वन संवाद

- निवेशकों को प्रत्येक समस्या के समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान का दिलाया भरोसा
- राइजिंग राजस्थान के तहत पर्यटन के क्षेत्र में हुए एमओयू के क्रियान्वयन पर हुई चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने निवेशकों को भरोसा दिलाया है कि राइजिंग राजस्थान के तहत पर्यटन क्षेत्र में हुए सभी एमओयू की शत-प्रतिशत क्रियान्विति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन पूर्ण समर्पण और पारदर्शिता के साथ कार्य कर रहा है। सोमवार को होटल गणगौर में आयोजित एक कार्यक्रम में बैठक में निवेशकों से व्यक्तिगत रूप से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं और चुनौतियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने निवेशकों से एमओयू के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं एवं परेशानियों को लेकर चर्चा की एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों समस्याओं के समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण के लिए निर्देशित किया। उन्होंने निवेशकों को आश्वस्त किया कि उनके हर निवेश को धरातल पर उतारने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है और उनकी हर छोटी-बड़ी समस्या के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए सभी संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने उन्होंने कहा कि पर्यटन परियोजनाओं का सफल क्रियान्वयन न केवल जिले की ब्रांड वैल्यू को बढ़ाएगा, बल्कि प्रदेश और देश के पर्यटन मानचित्र पर जयपुर को एक और मजबूत पहचान देगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रशासन वन-टू-वन फॉलोअप करेगा और विभागीय समन्वय से हर समस्या का त्वरित समाधान होगा, ताकि कोई भी निवेश कागज़ों में अटका न रहे और समय पर धरातल पर उतरे।




संवाद कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने कहा कि जयपुर में पर्यटन विकास की असीम संभावनाएं हैं, चाहे वह लक्ज़री होटल व रिसॉर्ट हों, ईको-टूरिज्म प्रोजेक्ट, फिल्म शूटिंग लोकेशन, एडवेंचर और डेजर्ट टूरिज्म या फिर पारंपरिक हस्तशिल्प से जुड़े अनुभवात्मक पर्यटन उत्पाद। इन सभी क्षेत्रों में निवेश, स्थानीय रोजगार सृजन के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के ठहराव और खर्च को भी बढ़ाएगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था में व्यापक वृद्धि होगी।

उन्होंने कहा कि जयपुर, अपनी अनूठी स्थापत्य कला, ऐतिहासिक किलों, महलों, हवेलियों, संग्रहालयों और सांस्कृतिक धरोहर के कारण विश्व पर्यटन मानचित्र पर विशिष्ट पहचान रखता है। यहां का आमेर किला, सिटी पैलेस, हवा महल, जंतर-मंतर और गलियों में बसी परंपरागत कला-कृतियां हर साल लाखों देशी-विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। ऐसे में पर्यटन क्षेत्र में निवेश केवल आर्थिक दृष्टि से लाभकारी नहीं, बल्कि सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण और वैश्विक स्तर पर जयपुर की प्रतिष्ठा को और ऊंचा करने का अवसर भी है।

पर्यटन विभाग के उपनिदेशक उपेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी सभी एमओयू की सफल क्रियान्विति के लिए नियमित मॉनिटरिंग कर रहे हैं। जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग के संयुक्त प्रयासों से अब तक 1600 करोड़ रुपये के 11 बड़े एमओयू सफलतापूर्वक लागू हो चुके हैं।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) विनीता सिंह सहित जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम जयपुर ग्रेटर, नगर निगम जयपुर हैरिटेज, वन विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं निवेशक मौजूद रहे।

# प्रियंका गोस्वामी ने कोटपूतली में पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में पंचायती राज विभाग की प्रमुख योजनाओं और पहलों की समीक्षा के लिए एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला कलेक्टर ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रगति की जानकारी ली।

### बैठक में इन विषयों पर चर्चा हुई-

- योजनाओं की समीक्षा- महात्मा गांधी नरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की प्रगति की समीक्षा करते हुए, कलेक्टर ने पात्र लोगों को लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
- स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)- सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने, समय पर टेंडर करने और एजेंसी को नियमित सफाई के लिए पाबंद करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, आंगनवाड़ियों और स्कूलों में शौचालयों को व्यवस्थित करने पर भी जोर दिया गया।
- स्वामित्व योजना- डेटा अपडेट करने, लक्ष्यानुसार पट्टों का वितरण करने और उन्हें पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिए गए।
- अन्य महत्वपूर्ण अभियान-
- हरियालो राजस्थान वृक्षारोपण महाअभियान में गति लाने के लिए कहा गया।
- हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा वितरण के लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए गए।
- मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 और अन्नपूर्णा रसोई के संचालन की समीक्षा की गई।
- शिकायतों का निपटारा- राजस्थान संपर्क पोर्टल पर लंबित शिकायतों और अन्य महत्वपूर्ण परिवेदनाओं का तुरंत निपटारा करने के निर्देश दिए गए।
- सामाजिक सुरक्षा और पालनहार योजनाएं- इन योजनाओं के सत्यापन की प्रगति की समीक्षा की गई।
- घुमंतू और विमुक्त वर्ग- इन वर्गों के लोगों को पट्टा आवंटन और अन्य योजनाओं का लाभ पहुँचाने के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकारी कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ऐसा करने पर कार्रवाई के लिए तैयार रहें। बैठक में एडीएम ओमप्रकाश सहारण, एसीईओ महेंद्र सैनी और सभी विकास अधिकारी मौजूद थे।

# जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन के लिए सभी तैयारियां हों सुनिश्चित

## जिला कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने विभागीय अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारियां

### सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में हुई तैयारियों की समीक्षा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां समय से पूर्व एवं उच्च गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी है, ताकि स्वतंत्रता दिवस का आयोजन भव्य, गरिमापूर्ण एवं प्रेरणादायी बन सके। 15 अगस्त को उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा मुख्य अतिथि के रूप में जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों एवं नागरिकों को सम्मानित भी किया जाएगा।

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोजन से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं तय समयसीमा में पूर्ण कर ली जाएं। जिला कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी चौगान स्टेडियम में होने वाले मुख्य समारोह में मंच व्यवस्था, ध्वनि प्रसारण प्रणाली, यातायात एवं पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था, आमंत्रण पत्र वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, बच्चों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल एवं चिकित्सीय सुविधाओं सहित सभी व्यवस्थाओं को समन्वयपूर्वक सुनिश्चित किया जाए।



जिला कलक्टर ने अधिकारियों को राष्ट्रीय पर्व के इस अवसर पर रोशनी, रंगोली, सजावट एवं साफ सफाई सुनिश्चित करने के साथ-साथ समारोह में आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों का पूर्वाभ्यास करने के निर्देश दिये। उन्होंने इस अहम पर्व के अवसर पर आयोजित समारोह में जन प्रतिनिधियों, पूर्व सैनिकों, विरांगनाओं, उत्कृष्ट खिलाड़ियों, लोक कलाकारों, पत्रकारिता, सामाजिक-धार्मिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों सहित समाज के सभी वर्गों की विभूतियों को ससम्मान आमंत्रित करने के निर्देश दिये।

बैठक में पुलिस उपयुक्त करन शर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (जयपुर, पूर्व) गोपाल सिंह शेखावत, अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय) श्री आशीष कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) देवेंद्र कुमार जैन, अतिरिक्त जिला कलक्टर (उत्तर) मुकेश कुमार मूंड, जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, शिक्षा विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, विद्युत विभाग, रसद विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# विश्व हिन्दू परिषद की जिला बैठक का आयोजन, नये दायित्वों की घोषणा

## एड. शिवकुमार गुप्ता विहिप जिला सह मंत्री बने



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** सोमवार को विष्व हिन्दू परिषद की जिला बैठक का आयोजन हुआ। उद्घाटन सत्र में जिलाध्यक्ष डॉ. अष्विनी गोयल ने कहा कि यह संक्रमण काल हैं। अतः सभी कार्यकर्ताओं को अपनी सम्पूर्ण ऊर्जा लगाकर समय का नियोजन कर क्षेत्र के प्रत्येक गाँव, नगर, बस्ती में सेवा, सत्संग, मिलन, बलोपासना केंद्र, संस्कार केंद्र, संत दर्शन आदि कार्यक्रमों के माध्यम से हिन्दु शक्ति जागृत करें। दुर्गा वाहिनी प्रांत सहसंयोजिका बाला देवी ने प्रत्येक प्रखंड में रक्षाबंधन, दुर्गाष्ठमी के कार्यक्रम करने का आह्वान किया। जिला मंत्री ने आगामी कार्यक्रमों की योजना बनवाई। उन्होंने कहा कि विष्व हिन्दू परिषद की स्थापना श्रीकृष्ण जन्माष्ट्मी के पावन अवसर पर हुई थी। अतः स्थापना दिवस के कार्यक्रम अधिक से अधिक स्थानों पर संपन्न हों। बजरंग दल विभाग संयोजक सुरेंद्र कुमार ने 14 अगस्त को अखंड भारत संकल्प दिवस के रूप में प्रत्येक प्रखंड में युवाओं को एकत्रित कर इस विषय पर उद्बोधन के साथ मनाने हेतु कहा। अंतिम सत्र में विभाग धर्म जागरण संयोजक लक्ष्मण मीणा ने संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों में विष्व हिन्दू परिषद के आगामी कार्यक्रमों में भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। बैठक में 38 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

**नये दायित्वों की घोषणा** - जिला बैठक में नये दायित्वों की घोषणा की गई। जिसमें रामसिंह जाट को जिला उपाध्यक्ष, एड. शिवकुमार गुप्ता को जिला सहमंत्री, नरेंद्र हिन्दू को जिला बजरंग दल मिलन प्रमुख, रामसिंह सैनी को जिला समरसता प्रमुख, रामनारायण विजय को नारेहड़ा प्रखंड अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया।

# सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण, नागरिक कर्तव्य और स्व जागरण के लिए कार्य हो मां भारती का वैभव ही हम सभी का ध्येय हो

## राज्यपाल बागडे ने राष्ट्रोत्थान ग्रंथ का विमोचन किया



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सोमवार को पाथेय भवन में राष्ट्रोत्थान ग्रंथ का विमोचन किया। उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष पर समाज परिवर्तन के लिए प्रस्तुत पंच सूत्रों की चर्चा करते हुए कहा कि सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण, नागरिक कर्तव्य और स्व जागरण से ही राष्ट्रोत्थान संभव है। उन्होंने कहा कि मां भारती का परम वैभव ही हम सभी का ध्येय होना चाहिए। उन्होंने देश के सर्वांगीण विकास और वैभव के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। श्री बागडे ने पाथेय भवन में हिन्दुस्तान प्रकाशन संस्था और पाथेय कण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रोत्थान ग्रंथ के प्रकाशन को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि संस्कृति हमारे जीवन जीने का ढंग है। निरंतर होने वाले परिवर्तनों को स्वीकार करते हुए जीवन में आगे बढ़ना ही संस्कृति है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद को केन्द्र में रखकर कार्य करने की भी आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि व्यष्टि नहीं समष्टि के अंतर्गत सभी सामाजिक समरसता और भेदभाव से ऊपर उठकर कार्य करें। उन्होंने आजादी आंदोलन से लेकर विभिन्न अवसरों पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महत्वपूर्ण अवदान की चर्चा करते हुए संघ की राष्ट्र प्रथम की सोच से सबको जुड़ने पर जोर दिया। इससे पहले राजस्थान के क्षेत्र संघ चालक डॉ. रमेश चन्द्र अग्रवाल ने संघ के शताब्दी वर्ष पर प्रकाशित %राष्ट्रोत्थान% ग्रन्थ और पंच संकल्प सूत्रों की विस्तार से विवेचना की।

# अग्रवाल समाज समिति की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** अग्रवाल समाज समिति की बैठक स्थानीय अग्रसेन भवन में अध्यक्ष एड. योगेश शरण बंसल की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

मीडिया प्रभारी हेमंत मोरीजावाला ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाराजा अग्रसेन की 5149 वी जयंती को बड़े ही धूमधाम से मनाने के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। 15 अगस्त शुक्रवार को आजादी के 78 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अग्रसेन भवन में 79 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया जायेगा। इस अवसर पर अध्यक्ष एड. योगेश शरण बंसल द्वारा प्रातः 09 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा। बैठक में उपाध्यक्ष कुलदीप बंसल, कोषाध्यक्ष नृसिंहदास अग्रवाल, अमरनाथ बंसल, दिनेश सिंघल, अशोक बंसल, मनोज अग्रवाल, राजेश सवाईका, सुभाष बंसल, राजेश बंसल चश्मेवाले, व्यवस्थापक सीताराम अग्रवाल सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# बाबू अंसारी बने राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन के प्रदेश महासचिव

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद नसीम अंसारी ने बाबू अंसारी को प्रदेश महासचिव पद पर मनोनीत किया। संगठन की ओर से जारी नियुक्ति पत्र में कहा गया कि बाबू अंसारी की सक्रियता, सामाजिक जुड़ाव और संगठनात्मक अनुभव को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन देश के 22 राज्यों में अपनी पहचान बना चुका है। समाज के उत्थान, शिक्षा, युवाओं को जागरूक करने और एकता को बढ़ावा देने के लिए संगठन लगातार कार्य कर रहा है। राजस्थान में भी इसकी शाखाएं तेजी से बढ़ रही हैं, जिससे संगठन की पकड़ जमीनी स्तर तक मजबूत हो रही है। नियुक्ति के बाद बाबू अंसारी ने प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद नसीम अंसारी का आभार जताते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और मेहनत से काम करेंगे। उनका लक्ष्य संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना, समाज के लोगों की आवाज को मजबूत मंच पर उठाना और युवाओं को जोड़ना होगा।

# जो बैंक नहीं चला सकते वो देश क्या चलाएंगे

# निजीकरण के खिलाफ आईडीबीआई कर्मचारियों की देशव्यापी हड़ताल जारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/चंडीगढ़।** यूनाइटेड फोरम ऑफ आईडीबीआई ऑफिसर्स एंड एम्प्लॉइज के बैनर तले ऑल इंडिया आईडीबीआई ऑफिसर्स एसोसिएशन (एआईआईडीबीआईओए) और ऑल इंडिया इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट बैंक एम्प्लॉइज एसोसिएशन (एआईआईडीबीईए) के सदस्यों ने सोमवार 11 अगस्त को एक दिवसीय देशव्यापी हड़ताल के तहत चंडीगढ़ में बैंक स्क्वायर के सेक्टर 17 में विरोध प्रदर्शन किया।

यह हड़ताल आईडीबीआई बैंक के भविष्य और कर्मचारियों के हितों से जुड़े अहम मुद्दों और मांगों को लेकर की गई। उल्लेखनीय है कि यह हड़ताल गत 26 जुलाई को नई दिल्ली के जंतर-मंतर और गत 9 अगस्त को मुंबई के आज़ाद मैदान में हुए धरनों के बाद आयोजित की गई। इस विरोध प्रदर्शन को यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के तहत पूरे बैंकिंग उद्योग के साथ ही बीमा, रेलवे सहित अन्य क्षेत्रों के संगठनों का भी पूरा समर्थन मिला। मुख्य मांगों में भारत सरकार और एलआईसी द्वारा आईडीबीआई बैंक को निजी या विदेशी हाथों में बेचने की प्रस्तावित योजना को रोकना, पांच हजार क्लर्क और 2 हजार सब स्टाफ की भर्ती, बैंक में टोक्सिक वर्क कल्चर को समाप्त करना और अधिकारियों के लिए द्विपक्षीय ट्रांसफर पॉलिसी लागू करना शामिल है। साथ ही शाखाओं के वर्गीकरण पर मुख्यालय से सर्कुलर जारी करना, अधिकारियों के लिए फर्नीचर सुविधा, तिमाही बैठकें, कार्यकारी कर्मचारियों के लिए मेडिकल असिस्टेंस फंड योजना की दुबारा शुरुआत और मैट्रिक पास चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सॉर्टिंग क्लर्क पद पर पदोन्नति के लिए द्विपक्षीय समझौते को लागू करना भी शामिल है। इस आंदोलन का नेतृत्व कर रहे ऑल इंडिया आईडीबीआई ऑफिसर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरव कुमार ने कहा है कि छह दशकों से राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे ऐसे संस्थान का निजीकरण उसकी विकासात्मक भूमिका को कमजोर करेगा।




साथ ही कर्मचारियों की नौकरी की सुरक्षा को खतरे में डालेगा और आमजन पर नकारात्मक असर डालेगा। उन्होंने सरकार और एलआईसी से आईडीबीआई के सार्वजनिक क्षेत्र के स्वरूप को बनाए रखने, कर्मचारियों की कमी को दूर करने और कल्याणकारी जरूरतें पूरी करने की अपील की है ताकि बैंक देश की आर्थिक प्रगति में अपनी ऐतिहासिक भूमिका जारी रख सके। मंच ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गई तो आने वाले समय में आंदोलन और बड़े पैमाने पर लम्बे समय तक जारी रहेगा। इस निजीकरण के विरोध में इस हड़ताल के मुख्य संयोजक विपिन कुमार जैन ने सभी कर्मचारियों में अपनी ओजस्वी वाणी से जोश भरा और इस नारे के साथ कि जो बैंक नहीं चला सकते वो देश क्या चलाएंगे एक दिन की देश व्यापी हड़ताल को अंजाम दिया।

# एडीएम व एएसपी ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का लिया जायजा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** कस्बे के राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय में चल रही स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का सोमवार को एडीएम ओमप्रकाश सहारण एवं एएसपी वैभव शर्मा ने आयोजन स्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किये।

## सम्पादकीय

# इस तमाशे को बंद करें

## चुनाव आयोग पर विपक्षी नेताओं और राहुल गांधी की निराधार आपत्तियां

चुनाव आयोग की ओर से बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर विपक्षी नेताओं और विशेष रूप से राहुल गांधी की निराधार आपत्तियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब तो वे चुनाव आयोग पर भाजपा के लिए धांधली कराने के नए सनसनीखेज आरोप सामने लेकर आ गए हैं। उन्होंने अपने इन आरोपों को एटम बम की संज्ञा दी, लेकिन वैसा कुछ धमाका तो हुआ नहीं, जैसा वे दावा कर रहे थे। जहां चुनाव आयोग चुनावों में धांधली के राहुल गांधी के आरोपों को झूठ बताने में लगा हुआ है, वहीं राहुल एवं कुछ अन्य विपक्षी नेता आयोग को गलत बताने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाए हुए हैं।

यह संभवतः पहली बार है कि संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग के खिलाफ विपक्ष ने आसमान सिर पर उठा रखा है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि इस काम में नेता विपक्ष राहुल गांधी सबसे आगे हैं। उनकी ओर से बेंगलुरु लोकसभा चुनाव में धांधली के जो तथाकथित प्रमाण दिए गए, उन्हें चुनाव आयोग ने न केवल सिरे से खारिज किया, बल्कि राहुल गांधी से यह भी मांग की कि वे अपने दावे के पक्ष में या तो शपथपत्र दें अथवा अपने झूठे आरोपों के लिए देश से माफी मांगें।

चुनाव आयोग ने उन्हें चेतावनी भी दी है और कर्नाटक के मुख्य चुनाव अधिकारी ने तो एक महिला के दो बार वोट डालने के उनके दावे को चुनौती देते हुए उनसे प्रमाण भी मांगे हैं। इसमें संदेह है कि राहुल गांधी अपने दावे के पक्ष में कोई प्रमाण देने का काम करेंगे। उन्होंने अपने दावों के पक्ष में यह कहते हुए शपथपत्र देने से इन्कार किया कि उन्होंने संसद में संविधान की शपथ ले रखी है। यदि ऐसा है तो राफेल मामले में सुप्रीम कोर्ट से क्षमा याचना करते समय उन्होंने हलफनामा क्यों दिया था? क्या इसलिए कि उन्हें सुप्रीम कोर्ट की ओर से तो ठोस कार्रवाई किए जाने का भय था, लेकिन चुनाव आयोग की किसी कार्रवाई की उन्हें तनिक भी परवाह नहीं? इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि चुनाव आयोग ने बिहार में मतदाता सूची का जो प्रारूप जारी किया है, उस पर नौ दिन बाद भी किसी राजनीतिक दल ने अपनी कोई आपत्ति नहीं दर्ज कराई है। स्पष्ट है कि विपक्षी दल जनता को बरगलाने के लिए झूठे आरोपों के सहारे चुनाव आयोग को बदनाम करने में लगे हुए हैं। यह तमाशा तभी बंद हो सकता है जब सर्वोच्च न्यायालय हस्तक्षेप करे। उसे करना भी चाहिए, क्योंकि बिहार में मतदाता सूची के सत्यापन का पूरा मामला उसके संज्ञान में है और वह सत्यापन को सही मानकर उसकी सुनवाई भी कर रहा है। अब तो चुनाव आयोग ने यह भी कह दिया कि बिना सूचना और कारण के किसी का नाम मतदाता सूची से नहीं हटेगा। क्या यह उचित नहीं होगा कि अब सुप्रीम कोर्ट अपनी सक्रियता दिखाए और चुनाव आयोग एवं विपक्षी दलों, खासकर राहुल गांधी को आवश्यक निर्देश दे? चुनाव आयोग की ओर से बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर विपक्षी नेताओं और विशेष रूप से राहुल गांधी की निराधार आपत्तियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब तो वे चुनाव आयोग पर भाजपा के लिए धांधली कराने के नए सनसनीखेज आरोप सामने लेकर आ गए हैं। उन्होंने अपने इन आरोपों को एटम बम की संज्ञा दी, लेकिन वैसा कुछ धमाका तो हुआ नहीं, जैसा वे दावा कर रहे थे। जहां चुनाव आयोग चुनावों में धांधली के राहुल गांधी के आरोपों को झूठ बताने में लगा हुआ है, वहीं राहुल एवं कुछ अन्य विपक्षी नेता आयोग को गलत बताने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाए हुए हैं।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 12 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- बादशाह अकबर के मंत्री अबुल फजल की 1602 में हत्या हुई।
- मुगल शासक ने 1765 में ईस्ट इंडिया कंपनी को बंगाल, बिहार और उड़ीसा की दीवानी सौंपी। इसे राजनीतिक और संवैधानिक इतिहास की एक महत्वपूर्ण घटना मानी जाती है।
- नीदरलैंड और बेल्जियम ने 1831 में शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- अमेरिका में शिकागो शहर की स्थापना 1833 में हुई।
- हेनरी फोर्ड की कार कंपनी ने 1908 में पहला कार मॉडल बनाया।
- फ्रांस और ब्रिटेन ने 1914 में ऑस्ट्रिया-हंगरी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- पोलैंड और रूस के बीच वारसॉ की लड़ाई 1920 को शुरू हुई।
- एम्सटर्डम में नौवें ओलम्पिक खेल 1928 को समाप्त हुये।
- क्यूबा का तानाशाह मचाडो वाई मोरालेस सैन्य तख्तापलट के बाद 1933 में भागा।
- गोताखोर मार्जोरी गेस्ट्रींग सबसे कम उम्र (13 वर्ष 268 दिन) के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता 1936 में बने।
- फ्रेंच मार्शल हेनरी पीटेन ने 1941 में नाजी जर्मनी को पूर्ण समर्थन दिया।
- यूनान के लोनियन द्वीप में 1953 को भूकंप से 435 लोगों की जानें गई।
- नासा ने 1960 में अपना पहला सफल संचार उपग्रह ईको-ए प्रक्षेपित किया।
- पहली बार 1962 में एक साथ दो लोग अंतरिक्ष में गए।
- सीरिया ने 1971 में जॉर्डन से राजनयिक संबंध तोड़ा।
- इयान और ग्रेग चैपल ने 1972 में क्रिकेट टेस्ट मैच की एक ही पारी में शतक बनाया।
- आईबीएम ने 1981 को अपना पहला पर्सनल कंप्यूटर पेश किया जिसकी कीमत 16 हजार डॉलर रखी गई थी।
- लॉस एंजिल्स, कैलिफोर्निया में 23वें ओलंपिक खेलों का समापन 1984 में हुआ।
- विव रिचर्ड्स, डुजोन और मार्शल के लिए 1991 में टेस्ट क्रिकेट में अंतिम दिन।
- उत्तरी अमेरिका के राष्ट्रों- सं.रा. अमेरिका, कनाडा एवं मैक्सिको में मुक्त व्यापार समझौता (नाफ्टा) 1992 में सम्पन्न।
- कांगो गणराज्य की राजधानी ब्राजविल्ले में 1994 को एक चर्च में भगदड़ हो जाने से 142 लोग मारे गये।
- संयुक्त राज्य अमेरिका ने 2003 में भारत और इस्त्रायल के बीच फाल्कन सौदे को मंजूरी दी।
- फ्रांस के मशहूर स्ट्राइकर जिनेदिन जिदान ने 2004 में अंतर्राष्ट्रीय फुटबाल से सन्न्यास लिया। इराकी शहर नजफ पर अमेरिकी हमले में 165 मारे गये।
- यूरोपीय प्रक्षेपण यान एरियन-5 ने 2006 में जापान के संचार उपग्रह और फ्रांस के एक सैन्य उपकरण को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित किया।
- अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के यान एण्डेवर से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुँचे यात्रियों ने 2007 को स्टेशन पर नई बीम लगाई।

## विशेष आलेख

# शहरीकरण की चुनौती में हरियाली का समाधान - मियावाकी फॉरेस्ट की भूमिका



डॉ नयन प्रकाश गांधी

**मियावाकी फॉरेस्ट के अलावा शहरों में रूफटॉप गार्डन, वर्षा जल संचयन, ऊर्जा-संरक्षण वाले भवन, सार्वजनिक परिवहन में सुधार और ठोस कचरा प्रबंधन जैसी पहलों को भी अनिवार्य रूप से अपनाना होगा। शहरी नियोजन की नीतियों में नागरिक भागीदारी, निजी क्षेत्र का सहयोग तथा पर्यावरणीय मानकों और टिकाऊ विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए।शहरीकरण को केवल भौतिक विकास के रूप में नहीं, बल्कि हरित, स्वस्थ और टिकाऊ जीवन की नींव के रूप में देखा जाना चाहिए। यदि सरकार, प्रशासन, नागरिक समाज और निजी क्षेत्र मिलकर हरियाली के इन नए उपायों को प्राथमिकता देंगे, तो भारतीय शहर केवल रहने लायक नहीं, बल्कि समृद्ध और जीवनदायिनी भी बनेंगे।**

भारत आज शहरीकरण की असाधारण गति के साथ आगे बढ़ रहा है। देश की करीब 35त्न आबादी शहरों में निवास करती है, और मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद, अहमदाबाद, पुणे, जयपुर, सूरत जैसे शहर लगातार जनसंख्या, निर्माण और संसाधन खपत की नई ऊंचाइयां छू रहे हैं। इस तेज़ विकास ने एक तरफ सामाजिक-आर्थिक संभावनाएं खोली हैं, तो दूसरी तरफ हवा, पानी, हरियाली और जैव विविधता में गिरावट के गंभीर संकट भी पैदा किए हैं।बढ़ता वायु प्रदूषण, जल संकट, तापमान में वृद्धि, शहरी बाढ़, हीट आइलैंड प्रभाव और बेजान कंक्रीट के जंगल शहरी जीवन का हिस्सा बनते जा रहे हैं। अधिकांश बड़े शहरों की हवा खतरनाक स्तर तक प्रदूषित हो चुकी है, जिससे सांस से जुड़ी बीमारियों और समयपूर्व मृत्यु के मामले बढ़ रहे हैं।

साथ ही, लगातार घटती हरियाली और प्राकृतिक संसाधनों के दोहन ने शहरी जीवन को दुष्कर बना दिया है।इतनी गंभीर स्थिति में मियावाकी फॉरेस्ट जैसी नवाचारी पद्धति ने शहरी हरियाली को पुनर्जीवित करने की आशा जगायी है। मियावाकी विधि से शहरों की अनुपयोगी छोटी भूमि पर देशज प्रजातियों के सघन पौधे लगाकर घने और विविधतापूर्ण जंगल तैयार किए जाते हैं। ये जंगल तेजी से बढ़ते हैं, पारंपरिक पद्धति से कहीं अधिक घने और आत्मनिर्भर बनते हैं, और वायु प्रदूषण कम करने, कार्बन कैप्चर, तापमान संतुलन और जैव विविधता को बढ़ावा देने में अत्यंत कारगर साबित हो रहे हैं।मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, कोलकाता, चेन्नई, पुणे, हैदराबाद, इंदौर, सूरत, प्रयागराज, वडोदरा जैसी जगहों पर मियावाकी फॉरेस्ट तैयार किए जा चुके हैं या कई में प्रक्रिया में हैं। यहां पार्क, सरकारी भूखंड, विद्यालय आदि जगहों पर आम जनता, प्रशासन और निजी संगठनों की मदद से ऐसे फॉरेस्ट साकार हो रहे हैं। नतीजतन, शहरी समुदायों को शुद्ध हवा, प्राकृतिक मानसून नियंत्रण, मनोरंजन के हरे-भरे स्थान और स्थानीय जैव विविधता के नए केंद्र मिल रहे हैं।अर्बन प्लानिंग मैनेजमेंट रिसर्चर नयन प्रकाश गांधी का कहना है कि मियावाकी फॉरेस्ट के अलावा शहरों में रूफटॉप गार्डन, वर्षा जल संचयन, ऊर्जा-संरक्षण वाले भवन, सार्वजनिक परिवहन में सुधार और ठोस कचरा प्रबंधन जैसी पहलों को भी अनिवार्य रूप से अपनाना होगा। शहरी नियोजन की नीतियों में नागरिक भागीदारी, निजी क्षेत्र का सहयोग तथा पर्यावरणीय मानकों और टिकाऊ विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए।शहरीकरण को केवल भौतिक विकास के रूप में नहीं, बल्कि हरित, स्वस्थ और टिकाऊ जीवन की नींव के रूप में देखा जाना चाहिए। यदि सरकार, प्रशासन, नागरिक समाज और निजी क्षेत्र मिलकर हरियाली के इन नए उपायों को प्राथमिकता देंगे, तो भारतीय शहर केवल रहने लायक नहीं, बल्कि समृद्ध और जीवनदायिनी भी बनेंगे।शहरीकरण की चुनौती से निपटने के लिए मियावाकी फॉरेस्ट जैसे नवाचारों को अपनाते हुए, टिकाऊ शहरी नीति एवं सामूहिक जिम्मेदारी के साथ ही भारतीय महानगरों को आने वाले समय में स्वच्छ, सुंदर और जैव विविधतापूर्ण बनाना संभव है ।



# सांस्कृतिक अवमूल्यन, युवाओं में बढ़ती यौन अपराध की मानसिकता



**ऐतिहासिक काल से ही भारतीय संस्कृति और सभ्यता में ऐसा लचीलापन है कि अनेक विदेशी सभ्यताओं को हमने अपनी सभ्यता में आत्मसात कर उन्हें भी अपने रंग में रंग लिया है। उन सब के रंगों में हम भी रंग गए हैं। भारतीय समाज की विशेषता है कि यह क्रमिक रूप से बाहरी मूल्यों को अपनाते हुए आगे बढ़ रहा है जिसके फलस्वरूप आज समाज विभिन्न संस्कृतियों, सभ्यताओं तथा मूल्यों का अद्भुत समूह बन गया है।**

(यूं कहें कि अलग-अलग सभ्यताओं के पुष्पों का एक रंग बिरंगा गुलदस्ता ही बन गया हैद्य वही सभ्यताओं के आत्मसात करने के परिणाम स्वरूप पाश्चात्य सभ्यता से हिंदुस्तानी समाज में बड़ी विसंगतियां जन्म लेने लगी है। सभ्यताएं तो आई लेकिन अपनी बुराइयों को भी लेकर आई हैं। इससे भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का अवमूल्यन सी हुआ है।

इसके अलावा पाश्चात्य सभ्यता ने खुलेपन आमंत्रित कर युवाओं तथा पुरुषों के मन में वासनात्मक कुंठा को जन्म दिया है। जिसके कारण महिलाओं पर यौन हिंसा की घटनाएं बढ़ती जा रही है।) आज भारतीय समाज निश्चित तौर पर परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और यही वजह है कि पाश्चात्य सांस्कृतिक प्रवृतियों मानसिक भावनाओं को संक्रमित कर कुंठा को जन्म दिया है। यही कारण है कि मानसिक संक्रमण से भारतीय समाज पाश्चात्य सभ्यता का अंधा अनुसरण कर रहा है जिसके कारण मानवीय मूल्यों में नैतिक स्खलन स्पष्ट दिखाई देने लगा और इस नैतिक गिरावट से हिंसा में काफी वृद्धि हुई है। पाश्चात्य सभ्यता के दुष्प्रभाव में सबसे गहरा दुष्प्रभाव यौन हिंसा के प्रचार प्रसार का है। पुरुष समाज की मानसिकता है की पुरुष होने के कारण उन्हें कुछ चीजों का हक नैसर्गिक रूप से प्राप्त है जैसे कि अच्छी पत्नी और संतान में बेटों की प्राप्ति, कोई भी पुरुष अपनी आने वाली पीढ़ी में पुत्री नहीं चाहता है जबकि पुत्र पुत्री एक समान ही होते हैं बल्कि जो मायूस होकर पुत्री जन्म का दुख मनाते हैं उन्हें वर्तमान में पीएससी और यूपीएससी की रिजल्ट लिस्ट देखनी चाहिए इसमें बालिकाओं ने बहुत अच्छे अंको से परीक्षा पास कर समाज में उनकी अहम भूमिका को सार्थक किया है। वर्तमान समाज में परंपरागत रूप से पुरुषों को ऐसा करते देख उसकी आने वाली पीढ़ी भी अपने महिला संगिनी से दुर्व्यवहार और हिंसा करने से नहीं चूकता है। पुरुष की कुंठा इस कदर बढ़ चुकी है कि वह किसी सुंदर स्त्री को देखकर यह चाहने लगता है कि वह स्त्री उसकी अंक शायनी हो जाए और यदि स्त्री उसके विमुख होती है तो वह उस पर बलात नियंत्रण करने की कोशिश में यौन अपराध की ओर उन्मुख हो जाता है। अपरिपक्व उम्र से ही किशोरावस्था के युवक सेक्सुअल हिंसा के प्रति उन्मुख होने लगे हैं हमें इसकी असली वजह तथा कारण को समझना होगा मोबाइल का इंटरनेट कंप्यूटर लैपटॉप ने इस विकृत संस्कृति को एक खुला आकाश दे दिया है समाज में बढ़ती योन अपराधिक हिंसा के मुख्य कारणों में से एक इंटरनेट मोबाइल और लैपटॉप का घर घर उपलब्ध होना ही है।

मानसिक रूप से अपरिपक्व को बच्चों के पास मोबाइल तथा लैपटॉप तथा इंटरनेट आ चुका है और उससे वह वह वासनात्मक कहानियां, चित्र और फिल्में देखकर युवतियों तथा छोटी-छोटी बच्चियों पर यौन अपराध करने से नहीं चूकते और यही वजह है कि भारतीय संस्कृति विकृत होकर युवकों द्वारा बड़ी संख्या में यौन अपराध किए जा रहे हैं। जिसके कारण महिलाओं की भावना तथा आत्म सम्मान में गिरावट आकर आत्महत्या तक के परिणाम सामने आने लगे हैं।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



सौरभ कालरा
(युवा समाजसेवी )

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं युवा समाजसेवी व उधोगपति सौरभ कालरा। 8 मई सन1991 को अलवर में जन्में सौरभ शुरू से ही ऊर्जावान व समाज के प्रति सेवा का भाव मन में बनाए हुए हैं ऐसे में तकनीकी के क्षेत्र मे हॉनर्स के साथ बी.टेक की। 2012 मे बी.टेक कम्प्लीट होने पर कुछ माह के लिए एमएनसी कम्पनी मे 32000 के वेतन के साथ नौकरी को छोडकर अपना पारम्परिक कारोबार संभाला क्योंकि इनके मन मे सदैव सामाजिक व राजनैतिक क्षेत्र मे कार्य करने का जज्बा था। अगर नोकरी मे रहते तो अपनी कर्मभूमि अलवर की धरा पर कार्यक्रम करने का मौका नहीं मिलता। 2012 मे हीं फल सब्जी मंडी मे अपने फल व प्याज के थोक व्यापार से जुडे और नाम कमाया। इस महत्वकांशी युवा में सेवा व नेतृत्व का जज्बा बचपन से हीं था। इसी वजह से प्रायः स्कूली शिक्षा के दौरान लगभग हर वर्ष क्लास का मॉनिटर सहित इंजीनियरिंग मे प्रवेश तक पहुंचते पहुंचते छात्र संगठन एबीवीपी द्वारा लिट कॉलेज इकाई अध्यक्ष तक पंहुचे। 2010 मे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदस्यत्या ग्रहण की जिसमे कार्य करते हुए पहले कॉलेज इकाई उपाध्यक्ष, फिर कॉलेज अध्यक्ष, नगर सह मंत्री और अंत मे जिला संयोजक तकनीकी तक पहुंच संगठन मे सेवाएं दीं। अन्ना हजारे के आंदोलन के दौरान क्रन्तिकारी संगठन जोश ग्रुप के सम्पर्क मे आया जिसमे उसकी स्थापना से 2020 तक संगठन के जिला संयोजक के पद पर रहते हुए लगभग 65 रक्तदान शिविरो सहित आंदोलनात्मक, सांगठनात्मक कार्यक्रम किये। समाजसेवा के इसी दौर से होते हुए अन्ना हजारे के आंदोलन को अलवर मे दायमा जी के साथ संभालने का मौका मिला, इसी के साथ उडान संस्थान, श्री तोप वाले हनुमान सेवार्थ सेवक ट्रस्ट, यूथ अगेंस्ट करप्शन, वनवासी परिषद, विश्व हिन्दू परिषद, विज्ञानं भारती,नेक कमाई फाउंडेशन, श्री महाराणा प्रताप समिति, पुरुषार्थी समाज, हिन्दू शक्ति वाहिनी, जिला व्यापार महासंघ, संयुक्त व्यापार महासंघ, सर्व समाज न्याय संघर्ष समिति, विभिन्न विकास समितियों सहित 50 के लगभग संगठनों मे बतौर पदाधिकारी व सदस्य के रूप मे रहते हुए अपनी सामाजिक सेवाए प्रदान कर रहे हैं। बहुत ही सरल और सहज युवा हैं सौरभ। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

-रूपक शर्मा

## Today

बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 6 | | | | 5 | 1 | |
| | 1 | | | 7 | 5 | 9 | | |
| 7 | 5 | | | | 6 | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 9 | |
| | 8 | 5 | | | 9 | | | |
| | | 2 | 7 | 3 | | | | 5 |
| | 4 | | 5 | 2 | | | 8 | |
| | | | | | | | 6 | |
| | | | | 6 | 3 | | | 9 |

### Yesturday Ans

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 6 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 7 |
| 2 | 1 | 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 3 | 6 |
| 7 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 8 | 2 | 4 |
| 3 | 7 | 4 | 6 | 5 | 1 | 2 | 9 | 8 |
| 1 | 8 | 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 7 | 3 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 6 | 4 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 | 9 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
परिजनों के साथ सम्बंध मधुर होंगे। हेल्थ आज अच्छी रहेगी। हालांकि बाहर खाने-पीने से बचें। दोपहर के बाद अधूरे काम पूरे हो सकते हैं। अस्वस्थ व्यक्तियों को स्वास्थ्य लाभ होगा। आर्थिक लाभ की पूरी संभावना है। साथी कर्मचारी आपका

**वृष**
आपको काम पूरा होने का उत्साह बना रहेगा। परिवार का वातावरण भी परिवर्तित होगा। आर्थिक लाभ की भी संभावना है। आज का दिन पारिवारिक तथा व्यावसायिक क्षेत्र में लाभ का अवसर लाया है। किसी प्रिय पात्र से मुलाकात होगी।

**मिथुन**
परिजनों के साथ कोई विवाद हो सकता है। आपका आज का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। दिन की शुरुआत में स्फूर्ति और आनंद का अनुभव होगा। आपकी रचनात्मकता से आप कठिन काम भी आसानी से बना पाएंगे।

**कर्क**
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आज का दिन आनंदपूर्वक गुजरेगा। व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायी है। परिजनों तथा मित्रों के साथ अच्छे पलों को गुजारेंगे। किसी तरह का आर्थिक लाभ आपको हो सकता है।

**सिंह**
किसी प्रिय मित्र या रिश्तेदार से बातचीत करके मन प्रसन्न रहेगा। व्यापार में आर्थिक लाभ होगा। सुबह के समय आप शारीरिक रूप से स्वस्थ और मन से खुश रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ कहीं बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**कन्या**
आज नए काम का आरंभ करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। अधिक कार्य से आलस्य और मानसिक चिंता का अनुभव करेंगे। यात्रा आज लाभदायी नहीं है, परंतु दोपहर के बाद आपको कुछ नया करने की प्रेरणा मिलेगी। धार्मिक काम होंगे। मायके से अच्छे समाचार मिलेंगे।

**तुला**
कार्यालय या व्यवसाय में काम अधूरा रहने से मन निराश रहेगा। यात्रा में विघ्न आ सकता है। आध्यात्मिकता और ईश्वर भक्ति से मन प्रसन्न रहेगा। हालांकि आप के काम योजनानुसार पूरे होंगे। अधूरे काम पूरे होंगे। धन लाभ की संभावना है।

**वृश्चिक**
विदेश जाने के इच्छुक लोग आज सकारात्मक प्रयास कर सकते हैं। दोपहर के बाद नया काम या टारगेट मिल सकता है। कोई अधूरा काम आज पूरा हो सकेगा। व्यापार में बढो़तरी की संभावना हैं। गृहस्थ जीवन में मधुरता छाई रहेगी।

**धनु**
गृहस्थ जीवन में मधुरता बनी रहेगी। आकस्मिक धन लाभ के योग हैं। किसी छोटी यात्रा का आयोजन कर पाएंगे। व्यापार में वृद्धि होगी। विदेश में रहने वाले रिश्तेदारों से शुभ समाचार मिलेंगे। परिश्रम की अपेक्षा फल कम मिलेगा।

**मकर**
संतान की ओर से भी अच्छे समाचार मिलेंगे। किसी मीटिंग के लिए छोटी यात्रा हो सकती है। नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन अनुकुल है। कार्यालय या व्यावसायिक स्थल पर काम का भार अधिक रहेगा।

**कुंभ**
दिन की शुरुआत में आप थोड़े कन्फ्यूज रहेंगे। आज आप अपना जिद्दी व्यवहार छोड़ दें। वाणी मधुर बनाए रखें, इससे कोई भी काम आसानी से बना पाएंगे, हालांकि किसी तरह के नए काम आज शुरू ना करें।

**मीन**
आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी है। आज आप चिंता से घिरे रहेंगे और शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा नहीं रहेगा। परिवार में भी किसी से मतभेद रहेगा, लेकिन दोपहर के बाद आप सभी कामों में अनुकूलता का अनुभव करेंगे। काम का उत्साह बना रहेगा।

# जिले के पांच विद्यालय का दो पारियों में होगा संचालन

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा) भरतपुर संभाग दलबीर सिंह रौतावर ने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा की अभिशंषा पर आदेश जारी कर जिले के पांच विद्यालय अक्टूबर, 2025 तक दो पारियों में संचालित करने की स्वीकृति प्रदान की है। यह निर्णय क्षतिग्रस्त कक्षों की मरम्मत कार्य करवाने हेतु अस्थाई व्यवस्था के रूप में लिया गया है। आदेशानुसार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुतलपुरा जाटान ब्लॉक सवाई माधोपुर दो पारियों में संचालित होगा। वहीं प्रथम पारी में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय श्यामपुरा एवं द्वितीय पारी में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्यापुरा में विद्यालय संचालन की अनुमति प्रदान की गई है। इसी प्रकार प्रथम पारी में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आलनपुर सवाई माधोपुर एवं द्वितीय पारी में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में संचालन होगा। इसी प्रकार प्रथम पारी में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मित्रपुरा ब्लॉक बौंली एवं द्वितीय पारी में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मित्रपुरा विद्यालय संचालन की अनुमति प्रदान की जाती है। वहीं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चौथ का बरवाड़ा में दो पारियां संचालित की जाएगी।

# कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीना जिला स्तरीय मुख्य समारोह में करेंगे ध्वजारोहण

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** स्वाधीनता दिवस समारोह (15 अगस्त, 2025) मनाये जाने एवं आयोजन की पूर्व व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों की दिए गए निर्देशों की पालना करते हुए सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध, समन्वित एवं सुव्यवस्थित रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को प्रात: 8:15 बजे जिला कलक्टर निवास, 8:30 बजे जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय एवं प्रात: 9 बजे जिला स्तरीय मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि कृषि उद्यानिकी, ग्रामीण विकास एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीना द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के सभी राजकीय, अर्द्धसरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों में भी ध्वजारोहण सुनिश्चित किया जाए। मुख्य समारोह स्थल पुलिस लाईन परेड ग्राउंड पर आमजन के बैठने, पेयजल, टेंट, माइक, ध्वज एवं ध्वजारोहण, मंच संचालन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, चिकित्सा, विद्युत, सुरक्षा, पार्किंग, पास, आवागमन और अन्य व्यवस्थाओं हेतु संबंधित अधिकारियों को सटीक जिम्मेदारियां सौंपी गई। नगर परिषद, पीएचईडी, चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग सहित सभी विभागों को निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने शहीद वीरांगनाओं व स्वतंत्रता सैनानियों के आश्रितों को ससम्मान निमंत्रण देने के निर्देश सभी संबंधित तहसीलदारों को दिए।

# स्नातकोत्तर भूगोल एवं इतिहास विषय के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू

## ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 22 अगस्त

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** राजकीय महाविद्यालय में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के आदेशानुसार स्नातकोत्तर भूगोल एवं इतिहास विषय के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। प्राचार्य डॉ. दीपकराज जैन ने बताया कि महाविद्यालय में स्नातकोत्तर भूगोल एवं इतिहास विषय में 40 सीटों पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। प्रवेश प्रभारी प्रोफेसर अजयकुमार मीना ने प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 22 अगस्त है। अंतिम वरीयता व प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन 27 अगस्त को किया जाएगा तथा पात्र आवेदक 30 अगस्त तक मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन करके ई-मित्र पर शुल्क जमा करवा सकते है। उन्होंने बताया कि 02 सितंबर से प्रवेशित विद्यार्थियों का शिक्षण कार्य शुरू होगा।

# आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर 15 अगस्त को विशाल तिरंगा यात्रा,

## राष्ट्रभक्ति महापर्व का होगा भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। रक्तांचल योग शिविर एवं प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र के तत्वावधान में आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर शहर में 15 अगस्त को विशाल तिरंगा यात्रा व राष्ट्रभक्ति महापर्व का भव्य आयोजन किया जाएगा। सर्वेश द्विवेदी ने बताया कि 15 अगस्त के पावन पर्व पर भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। तिरंगा यात्रा को शुक्रवार को प्रात: 5:30 बजे अहिंसा सर्किल से मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी तिरंगा दिखाकर रवाना करेंगे। तिरंगा यात्रा बडी के मंदिर होते हुए सर्राफा बाजार, बिलाला मार्केट,पुरानी सब्जी मंडी, चारभुजा मंदिर, बडा बाजार, पटेल रोड व बस स्टैंड होते हुए पुन: अहिंसा सर्किल पंहुचेगी। जहां सभी तिरंगा यात्रियों को लड्डू व मिठाई का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि तिरंगा यात्रा में युवाओं द्वारा ध्वजारोहण, देशभक्ति गीत व मातृभूमि के प्रति प्रेमोल्लास सहित कई कार्यक्रमों को आयोजन किया जाएगा। तिरंगा यात्रा में युवा भगवा दुपट्टा पहनकर हाथ में तिरंगा झंडा लेकर चलेंगे। वही महिलाएं भी हरी साड़ी या लहरिया पहनकर हाथ में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता के सम्मान में एक स्वर में भारत माता के जयघोष के साथ यात्रा में शामिल होंगे। इसी प्रकार युवाओं सहित कई नन्हे-मुन्ने देशभक्त बालक बालिकाएं एक ड्रेस कोड में शामिल होंगे।

# अवैध बजरी से भरे हुए 5 ट्रैक्टर ट्रालियां जब्त

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )** बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन व परिवहन पर कार्यवाही करते हुए अलग अलग स्थानों से अवैध बजरी से भरे हुए 5 ट्रैक्टर ट्रालियों को जब्त किया है। थानाधिकारी बृजेंद्रसिंह राठौड ने बताया कि अवैध बजरी खनन व परिवहन पर विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करने के लिए पांच टीमों का गठन किया गया। टीमों ने गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए बरोनी, राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहाड़ी कट के समीप व जौंला रोड़ से अवैध बजरी से भरे हुए 5 ट्रैक्टर ट्रॉलियों को जब्त किया है। उन्होंने बताया कि सभी वाहन मालिकों व चालकों के विरुद्ध एमएमडीआर एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना: जिले में किसानों को खरीफ 2024 के 35 करोड़ व रबी 2024-25 के 1.36 करोड़ की बीमा दावा राशि का भुगतान

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने हेतु प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत राष्ट्रव्यापी स्तर पर बीमा दावा राशि का वृहद कार्यक्रम झुंझुनू में सोमवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थित में आयोजित हुआ। जिसका सभी जिलों में वर्चुअल प्रसारण किया गया।

सवाई माधोपुर जिले में जिला कलक्टर काना राम के मुख्य आतिथ्य में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का जिला स्तरीय क्लेम भुगतान कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत रबी सीजन 2024-25 एवं खरीफ सीजन 2024 की बीमा दावा राशि की पहली किस्त डीबीटी के माध्यम से सीधे किसानों के खातों में स्थानांतरित की गई।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलक्टर काना राम द्वारा ग्राम खजूरी निवासी बजरंग सिंह को 7.85 हेक्टेयर में बोई गई उड़द की फसल पर 5,715 रुपये के बीमा प्रीमियम की तुलना में 2 लाख 15 हजार 822 रुपये का बीमा क्लेम, ग्राम कुस्तला निवासी मेहरबान सिंह को 7.78 हेक्टेयर में उड़द की फसल पर 5,664 रुपये प्रीमियम के मुकाबले 1 लाख 33 हजार 170 रुपये का बीमा क्लेम तथा ग्राम कुस्तला निवासी गजानंद जाट को 0.92 हेक्टेयर उड़द फसल पर 670 रुपये के प्रीमियम के मुकाबले 13 हजार 131 रुपये बीमा क्लेम, खिजूरी निवासी रामजीलाल को 16 हजार 506 रूपये का बीमा क्लेम भुगतान डीबीटी के माध्यम से बैंक खाते में हस्तांतरित किया गया।

कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार राकेश कुमार अटल ने बताया कि जिले के अनेक किसानों को फसल खराबा के आधार पर वास्तविक बीमा दावा राशि का भुगतान किया गया।

इस दौरान खरीफ 2024 बीमित फसलों में खराबा के कारण जिले के किसानों को बीमा क्लेम राशि 35 करोड़ रुपये तथा रबी 2024-25 का 1.36 करोड़ रुपये डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरण किया गया।



इस दौरान जिला कलक्टर ने सभी किसानों से 14 अगस्त से पूर्व सभी गैर ऋणी कृषकों से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अपना पंजीकरण अनिवार्य रूप से कराने की अपील की, ताकि वे समय पर बीमा सुरक्षा का लाभ ले सकें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों के हित में एक मजबूत सुरक्षा कवच के रूप में कार्य कर रही है और उनकी मेहनत को आर्थिक मजबूती प्रदान कर रही है।

इस अवसर पर उप निदेशक कृषि एवं परियोजना प्रबंधक आत्मा अमर सिंह, सहायक निदेशक (सांख्यिकी) श्याम बिहारी मथुरिया, अधिकृत बीमा कम्पनी जिला प्रबंधक अनिल कुमार जोगी जिले के प्रगतिशील किसान, लाभार्थी एवं कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक

## आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक समाधान प्राथमिकता- काना राम



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, सम्पर्क पोर्टल, बजट घोषणाओं, विकास कार्यों सहित आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, संपर्क पोर्टल और जनसुनवाई संबंधी लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि टीम भावना, पारदर्शिता और सक्रियता के साथ ही जनकल्याण के लक्ष्यों को प्रभावी रूप से प्राप्त किया जा सकता है।

उन्होंने संपर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री एवं वीआईपी प्रकोष्ठ, मानवाधिकार आयोग, लोकायुक्त और अन्य संस्थाओं से जुड़े सभी लंबित मामलों का निस्तारण समयसीमा में और संतुष्टिपूर्ण तरीके से करने के निर्देश दिए। 90 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरण 7 दिनों में पूर्ण करने के आदेश देते हुए उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने बजट घोषणाओं की समीक्षा करते हुए आयुष्मान मॉडल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना के संबंध में प्रगति लाने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी को प्रदान किए। उन्होंने 5 हजार से अधिक आबादी वाली ग्राम पंचायतों में ओपन जिम और खेल मैदान की सुविधाओं के विकास के संबंध में चर्चा करते हुए संबंधित विकास अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। वहीं आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र के संबंध में उप निदेशक आईसीडीएस प्रियंका शर्मा को निर्देश प्रदान किए। इस दौरान आदर्श सौर ग्राम की स्थापना, शिवाड़ में 132 केवी जीएसएस निर्माण, बहरावण्डा कलां गोण कृषि मण्डी स्थापना, बायो पिंक टॉयलेट कॉम्पलेक्स स्थापना, घड़ियाल रियेरिंग सेन्टर, गंगापुर सिटी की खेल स्टेडियम सहित अन्य बजट घोषणाओं को पूर्ण करने के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों को युद्धस्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए।

मानसून के मद्देनजर उन्होंने नगर परिषद, विद्युत और पेयजल विभाग को निर्बाध आपूर्ति एवं जलभराव से निपटने के लिए मशीनरी को सक्रिय रखने के निर्देश दिए। हरियालो राजस्थान अभियान में लक्ष्य अनुसार पौधारोपण, मौसमी बीमारियों की रोकथाम के उपाय और जर्जर भवनों में विद्यालयों का संचालन तत्काल बंद करने के आदेश भी दिए गए, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। साथ ही उन्होंने फसल खराबे एवं जल भराव वाले गांवों का सर्वे 14 अगस्त तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए है।

**वॉलंटियर बन करें लोगों को देशभक्ति के प्रति जागरूक** -उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा यात्रा, रैली और तिरंगा वितरण को निर्धारित कार्यक्रम अनुसार पूर्ण करने के निर्देश देते हुए सभी अधिकारियों को स्वयं वॉलिंटियर बनकर आमजन को इस अभियान से जोड़ने की अपील की।

बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया, अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम कुमार कस्वां, सीएमएचओं डॉ. अनिल कुमार जैमिनी, पीएमओं डॉ. तेजराम मीना, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी हरिसिंह मीना, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी बी.एस. मीना, अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग बी.एल. मीना सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# राजकीय महाविद्यालय टोंक में महाविद्यालय रोवर एवं रेंजर्स ने किया वृक्षारोपण



बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** राजकीय महाविद्यालय टोंक में प्राचार्य लोकेश कुमार शर्मा के सानिध्य एवं रोवर्स तथा रेंजर्स प्रभारी ने वृक्षारोपण किया। इस दौरान हरियालो राजस्थान एवं एक पौधा मां के नाम के तहत रोवर्स एवं रेंजर्स ने 40-50 पौधों का पौधारोपण किया। महाविद्यालय प्राचार्य ने बताया कि कार्यक्रम में डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा एनएसएस प्रभारी डॉ. अजय कुमार मीणा, डॉ. नरेंद्र कुमार चंदेल, प्रो. सुरेंद्र कुमार चंदेल, रेंजर्स प्रभारी मंजू कुमारी मीणा सी.ई.ओ. स्काउट व गाइड आचू मीणा, बनवारी लाल बैरवा, स्काउट व गाइड उत्तम कुमार पंचोली एवं चंद्र प्रकाश कुर्मी सचिन समेत अन्य मौजूद रहे।

## एनसीसी भर्ती 21 अगस्त को जयपुर में होगी

राजकीय महाविद्यालय टोंक के स्नातक प्रथम सेमेस्टर के नियमित विद्यार्थियों एवं सत्र 2025-26 के लिए एनसीसी एनरोलमेंट प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। प्राचार्य ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी 19 अगस्त 2025 तक कक्षा 10 व 12 की अंकतालिका प्रतिलिपि, कॉलेज की फीस रसीद, कॉलेज का पहचान पत्र, बैंक डायरी (एसबीआई प्राथमिकता), मेडीकल, आधार कार्ड दस्तावेजों को प्रस्तुत कर एनसीसी प्रकोष्ठ, राजकीय महाविद्यालय टोंक में भर्ती के लिए नाम लिखवा सकते है। उन्होंने बताया कि कमान अधिकारी प्रथम राज बटालियन एनसीसी जयपुर के दिशा निर्देश अनुसार एनरोलमेंट 21 अगस्त 2025 को यूनिवर्सिटी महाराजा साइंस कॉलेज, जयपुर (खेल ग्राउंड) जयपुर में सुबह सात बजे शुरू होगी। एनरोलमेंट प्रक्रिया तीन चरण शारीरिक परीक्षा, लिखित परीक्षा व साक्षात्कार पर आधारित होगी।

# टोंक प्रदेशाध्यक्ष पद पर बलदेव विजयवर्गीय रहे विजेता



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय महासभा के टोंक प्रदेशाध्यक्ष के हुए चुनावो में पीपलू के बलदेव ने टोंक के रवि प्रकाश को सीधी टक्कर में रिकार्ड 511 मतो से हराया। बीति देर रात्रि विजयवर्गीय सेवा सदन में मतदान के बाद मतगणना हुई। मतगणना के लिए प्रदेश के सभी मतदान केन्द्रो से मत पेटिया सुरक्षा के साथ मतगणना स्थल पर लाई गई। प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए पीपलू निवासी बलदेव व टोंक निवासी रविप्रकाश सहित दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में डटे रहने के चलते सीधा मुकाबला हुआ। मतगणना समाप्ति के बाद परिणामो की धोषणा करते हुए प्रादेशिक निर्वाचन अधिकारी कृष्ण गोपाल मधुर व सहायक निर्वाचन अधिकारी नवरतन डोडवाड़ी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए मतदान में 3302 मतदाताओं में से 2338 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें इन चुनावो में विजेता रहे बलदेव विजयवर्गीय पीपलू को 1414 एवं इनके निकटतम प्रतिद्वंदी रवि प्रकाश विजयवर्गीय को 903 मत मिले। जिससे टोंक प्रदेश अध्यक्ष पद पर बलदेव विजयवर्गीय को 511 मतो से विजयी धोषित किया गया। अंत में निर्वाचन अधिकारी ने विजेता रहे बलदेव विजयवर्गीय को संविधान के अनुसार शपथ दिलाई। चुनावो परिणामो की धोषणा के साथ ही सर्वप्रथम दूसरे स्थान पर रहे रवि प्रकाश ने बलदेव विजय को मालाऐं पहना कर स्वागत किया। साथ ही समाज के फैसले को मानते हुए इस कार्यकाल के दौरान टोंक प्रदेश के विकास के लिए उनके जिस भी प्रकार के सहयोग की अपेक्षा की जाएगी वह सहर्ष देकर सामाजिक विकास में अपना योगदान देने का भरोसा दिया। मतगणना कक्ष के बाहर आते ही बलदेव विजयवर्गीय को उनके समर्थको ने जबरदस्त नारेबाजी के साथ खुशी प्रकट की। साथ ही मौजुदसभी समाजबंधुओं ने नए प्रदेशाध्यक्ष बलदेव विजयवर्गीय का मालाऐं पहना कर स्वागत किया। इस दौरान टोंक जिला मुख्यालय से भारी संख्या में बलदेव विजय के समर्थको सहित मालपुरा समाज की ओर से सीताराम डालमियां, त्रिलोक विजयवर्गीय, कैलाश अजमेरी, कृष्ण बिहारी विजय, हेमराज, गोविन्द नारायण, अमित, प्रहलाद, पत्रकार रामजीलाल विजय, अक्षय, विष्णु, राकेश सहित अन्य सभी समाजबंधुओं नए प्रदेशाध्यक्ष का मालाऐं पहना कर स्वागत अभिनन्दन किया।

# पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में तिरंगा मेले का हुआ आयोजन, कई प्रतियोगिताएं आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई में हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा कार्यक्रम में नगरपालिका निवाई के सहयोग से तिरंगा मेले का आयोजन किया गया। जिसमें चित्रकला और पोस्टर प्रतियोगिता के साथ तिरंगा राखी मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंग बिरंगी राखियां बनाकर आयोजकों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने तिरंगा थीम पर विभिन्न चित्र और पोस्टर्स का निर्माण किया। इस अवसर पर तिरंगा प्रदर्शनी का भी आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय के बच्चों द्वारा निर्मित चित्र, पोस्टर, राखी और अन्य देशभक्ति चार्ट और बैनर्स की प्रदर्शनी लगाई गई। उक्त सभी कार्यक्रम नगरपालिका निवाई के तत्वधान में आयोजित किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका निवाई के अधिशाषी अधिकारी मनोहर लाल जाट ने मेले का शुभारंभ किया और तिरंगे लहराकर देशभक्ति की भावना जागृत की।

इस अवसर पर शाला के प्राचार्य देवेंद्रपाल सिंह, चित्रकला प्रतियोगिता संयोजक सरिता भट्ट, राखी मेकिंग प्रतियोगिता प्रभारी सुमन विजय, पूजा बंसल, गायत्री शर्मा, सुमन मीणा, सुमन महावार, निशा भट्ट, मेरिस बानो, प्रहलाद राम गुर्जर, मनोज जैन, नगर पालिका निवाई के चंद्र प्रकाश मीणा, पप्पू लाल मीणा, चंद्रप्रकाश चौधरी, निशांत जैन, राहुल सैन व पवन वर्मा सहित कई शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।



# पीएम फसल बीमा क्लेम राशि का भुगतान-सीएम और केंद्रीय कृषि मंत्री ने बटन दबाकर ट्रांसफर की राशि

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत सोमवार को झुंझुनू में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बटन दबाकर देशभर के किसानों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 3900 करोड़ रूपए की बीमा क्लेम राशि जारी की।

इस अवसर पर सोमवार को कार्यक्रम का जिला परिषद सभागार में लाइव टेलीकास्ट किया गया। कार्यक्रम में देवली उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर, जिला प्रमुख सरोज बंसल, जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक वीरेंद्र सिंह, उद्यान विभाग के सहायक निदेशक चंद्र प्रकाश बढ़ाया, आत्मा के परियोजना निदेशक दिनेश बैरवा समेत बड़ी संख्या में जिले के किसान मौजूद रहे।

समारोह में मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री ने बटन दबाकर रबी सीजन 2024-25 एवं खरीफ सीजन 2024 की बीमा दावा राशि की पहली किश्त डीबीटी (डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर) के माध्यम से किसानों के खातों में ट्रांसफर की। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों के लगभग 35 लाख किसानों को 3,900 करोड़ की राशि सीधे तौर पर ट्रांसफर की गई।



# अलवर में चोर को पकड़कर खंभे से बांधा

## तीन दिन से लगातार चोरी कर रहे थे, पकड़े गए तो बाहर खड़ा साथी भागा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अलवर में मालवीय नगर चौराहे पर चोरी कर रहे एक चोर को लोगों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। बाहर खड़ा उसका दूसरा साथी फरार हो गया। चोर को रात भर खंभे के बांध कर रखा। सोमवार सुबह पुलिस को सुपुर्द किया। पकड़े गए चोर ने तीन दुकानों में चोरी करना कबूल किया है। अब पुलिस चोर से पूछताछ करने में लगी है। अन्य मामलों का भी खुलासा हो सकता है।

चोर कन्नू मीना पुत्र हरविंद्र ने पुलिस पूछताछ में बताया- शांतिकुंज में रहने वाले प्रियांशु मीणा के कहने पर चोरी करने आए थे। हमने तीन दिन से लगातार चोरी की। पान वाले की दुकान से 450 रुपए नकदी व अन्य सामान चोरी की है। काफी संख्या में सिगरेट के पैकेट चोरी कर ले गए। इसके अलावा मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान से इयर फोन, लीड सहित अन्य सामान चोरी किया है।दुकान मालिका बोला - रक्षाबंधन की रात भी चोरी

दुकान मालिक सतीश चौधरी ने बताया- रक्षाबंधन की रात चोरी हुई। चोर दुकान से सिगरेट व नकदी ले गए। इसके बाद सरस डेयरी के बूथ का ताला तोड़ने की कोशिश की। उसका ताला नहीं टूटा। बगल की दुकान में सरिया लगा अंदर से सामन निकाल रहे थे। तब किसी को चोरी होने का पता चला। उसके बाद बाहर वाला युवक को भाग गया। लेकिन दुकान के अंदर घुसे हुए इस चोर को पकड़ लिया।

## बाबा मोहन राम मेले में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, 45 किलो मिलावटी घी जब्त




बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा।** बाबा मोहन राम के तीन दिवसीय मेले के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग ने सख्ती दिखाते हुए रविवार को लगभग 45 किलो मिलावटी घी जब्त कर मौके पर ही नष्ट कर दिया। जिला कलेक्टर किशोर कुमार के निर्देशन में विभागीय टीम ने मेले के आसपास स्थित स्थायी व अस्थायी दुकानों एवं मिठाई विक्रेताओं की जांच की। इस दौरान टीम ने मिठाई और घी के नमूने लिए तथा व्यापारियों से मिलावटी उत्पाद न बेचने की अपील की। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार, महिपाल सिंह, सुभाष यादव और रमेश मौजूद रहे। विभाग की ओर से बताया गया कि मेले के दौरान निगरानी और नमूना संग्रह की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी, ताकि लोगों को सुरक्षित और शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके।

## दिव्यांगजनों के लिए 20 स्कूटी, 13 अगस्त तक आवेदन का मौका

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। अलवर शहर विधानसभा क्षेत्र के चलने-फिरने में असमर्थ (लोकोमोटर डिसएबिलिटी) कम से कम 40त्न दिव्यांगता वाले पात्र दिव्यांगजन अब विधायक कोटे से स्कूटी प्राप्त कर सकेंगे। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व अलवर शहर विधायक संजय शर्मा ने अपने ख्रुकोटे से 20 स्कूटी के वितरण की स्वीकृति दी है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि इच्छुक लाभार्थी 13 अगस्त तक ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र जिला कार्यालय से प्राप्त कर आवश्यक दस्तावेजों — मूल ड्राइविंग लाइसेंस, शपथ पत्र कि पूर्व में किसी सरकारी योजना से लाभ नहीं लिया है, निवासी प्रमाण पत्र आदि — के साथ मिनी सचिवालय (कक्ष संख्या 98) में जमा कराने होंगे। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# कांग्रेस मंडल अध्यक्षों की आवश्यक बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान




**अलवर (रूपक शर्मा)।** अलवर शहर विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्षों की एक आवश्यक बैठक कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा की अध्यक्षता में मौजपुर हाउस पर आयोजित हुई। कांग्रेस प्रवक्ता रिपुदमन गुप्ता ने बताया कि बैठक में संगठन संबंधी मुद्दों और बीएलए-2 की नियुक्ति पर विचार-विमर्श किया गया। जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जयदीप आर्यन और सभी मंडल अध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे क्षेत्र में जाकर वरिष्ठ कांग्रेसजन, पदाधिकारी, पार्षद, पूर्व पार्षद व पार्षद प्रत्याशियों से रायशुमारी कर दो दिनों में बीएलए-2 की नियुक्ति सुनिश्चित करें। बैठक में जयदीप आर्यन, सुदर्शन अरोड़ा, मोतीलाल सैनी, संजय शुक्ला, डॉ. सूबेसिंह यादव, शोभा साहू, रिंकू जाटव और रामप्रकाश शर्मा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जिला कलक्टर ने ली नगर निगम कार्यों की समीक्षा

## सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग होगी मैनुअल और तकनीकी दोनों तरीकों से

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में नगर निगम के कार्यों, योजनाओं और सफाई व्यवस्था की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में आगामी तीन माह के विज़न पर चर्चा करते हुए कलक्टर ने निर्देश दिए कि इसे धरातल पर प्रभावी रूप से लागू किया जाए। उन्होंने अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर), यूआईटी सचिव और नगर निगम आयुक्त को फील्ड विज़िट कर साफ-सफाई व्यवस्था और अन्य कार्यों की सघन मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

### व्हाट्सएप ग्रुप और जीपीएस से होगी निगरानी

कलक्टर ने निर्देशित किया कि 50 नए ऑटो टिपरों में 15 दिनों के भीतर जीपीएस लगवाए जाएं। साथ ही शहर के सभी 65 वार्डों और 23 मार्केट क्षेत्रों के लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाए जाएं, जिनमें निगम अधिकारी, ऑटो ड्राइवर और हेल्पर शामिल हों। इन ग्रुपों के माध्यम से सफाई व्यवस्था की रियल-टाइम मॉनिटरिंग होगी।

### कचरा पृथक्करण पर जोर

कलक्टर ने कहा कि तीन दिनों के भीतर ऑटो टिपर ड्राइवरों, हेल्परों और स्वच्छता सखियों को दोपहर 12 से 2 बजे के बीच गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण का प्रशिक्षण दिया जाए। सितम्बर में स्वास्थ्य शिविर लगाकर सभी सफाईकर्मियों की जांच कराई जाएगी। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि घर और प्रतिष्ठान से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग करके ही ऑटो टिपर में डालें।

### जन जागरूकता और सार्वजनिक स्थानों पर कचरा पात्र

31 अगस्त तक 50 सार्वजनिक स्थानों पर गीले और सूखे कचरे के लिए ब्लू व ग्रीन डस्टबिन लगाए जाएंगे। प्रत्येक वार्ड में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर नागरिकों और सामाजिक संगठनों को जोड़ा जाएगा।

### वायु स्वच्छता के सुझाव आमंत्रित

कलक्टर ने नागरिकों से वायु स्वच्छता के सुझाव ईमेल के माध्यम से भेजने की अपील की। हनुमान सर्किल से तुलेड़ा रोड चौराहे तक टाइल इंटरलॉकिंग और पौधारोपण, फ्लाईओवर के नीचे सौंदर्यकरण और ट्रांसपोर्ट नगर रोड के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

### शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण

क्ककलक्टर ने निर्देश दिए कि क्लीन अलवर एप पर दर्ज शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, कोई पेंडेंसी न रहे।

### गोलेटा प्लांट पर 100% लीगेसी वेस्ट का निस्तारण

गोलेटा विरासती अपशिष्ट प्लांट पर 1,05,732 घन मीटर लीगेसी वेस्ट के शत-प्रतिशत निस्तारण पर कलक्टर ने नगर निगम की सराहना की। यहां 14.36 लाख रुपये की लागत से मिट्टी डालकर घास और पौधे लगाकर सौंदर्यकरण किया गया है। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर, नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरुका, उपखंड अधिकारी माधव भारद्वाज, अधिशासी अभियंता खेमराज मीणा, एनकैप कंसल्टेंट योगेश पुनिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# 'इंस्पेक्टर राज', कानून के रक्षक ही बने भक्षक: टीकाराम जूली

## पुलिस की दरिंदगी पर नेता प्रतिपक्ष का हमला, सरकार पर साधा निशाना

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (रूपक शर्मा)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने अलवर पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जिले में 'इंस्पेक्टर राज' हावी है, जहां कानून के रक्षक ही भक्षक बन गए हैं। उन्होंने सवाल किया कि ऐसे में आम आदमी न्याय के लिए किससे गुहार लगाए। जूली ने कहा कि पुलिस लगातार सिस्टम के गाल पर तमाचा मार रही है और सरकार मूकदर्शक बन तमाशा देख रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि अमित सैनी की आत्महत्या के मामले की गूंज थमी भी नहीं थी कि पुलिस की दरिंदगी का एक और मामला सामने आ गया। उन्होंने बताया कि नयाबास निवासी, अपने ही विभाग के दिवंगत पुलिसकर्मी के चार बेटों को थाने में लाकर बेरहमी से पीटा गया। पिटाई से सहमे एक युवक ने न्याय न मिलने पर आत्महत्या की चेतावनी तक दे डाली।

अलवर पुलिस पर तंज कसते हुए जूली ने कहा, वाह री पुलिस, गजब तेरे कारनामेज 'आमजन में विश्वास, अपराधियों में डर' का स्लोगन अब 'अपराधियों में विश्वास, आमजन में डर' में बदल गया है। यह न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि लोकतंत्र और मानवाधिकारों पर भी गहरा आघात है।

उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी राज में वर्दी की आड़ में गुंडागर्दी का ग्राफ बढ़ता जा रहा है और नौकरशाही व लालफीताशाही इतनी हावी हो गई है कि आम लोगों के लिए न्याय पाना मुश्किल हो गया है।

# ओसवाल जैन स्कूल में कन्या किशोर कौशल शिविर का आयोजन



**अलवर( रूपक शर्मा )।** ओसवाल जैन स्कूल में कन्या किशोर कौशल शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 1200 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। शिविर में डॉ. सरोज गुप्ता ने कन्या कौशल शिविर के उद्देश्य, गायत्री मंत्र का वैज्ञानिक विवेचन, मित्र बनाएं सोच-समझकर और अच्छी आदतें हमारे भविष्य का निर्माण करती हैं जैसे विषयों पर बच्चों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान लाइब्रेरी के लिए गुरुदेव का साहित्य भेंट किया गया। साथ ही सभी शिक्षकों को भी गुरुदेव का साहित्य प्रदान किया गया। बच्चों को लाइब्रेरी का अधिकतम उपयोग कर ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रजनी शर्मा ने किया और उन्होंने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रिंसिपल मैडम ने ऐसे शिविरों के आयोजन की सराहना करते हुए भविष्य में भी इन्हें नियमित रूप से आयोजित करने का आश्वासन दिया।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत खैरथल में तिरंगा मेला एवं प्रदर्शनी



बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत स्वंयं सहायता समूहों द्वारा स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए तिरंगा मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, खैरथल में किया गया। मेले में तिरंगे रंग की थीम वाली वस्तुओं की बिक्री के साथ विभिन्न आकर्षक स्टॉल लगाए गए। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने राजीविका की स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और मौके पर ही स्थानीय उत्पाद खरीदकर महिला समूहों का उत्साह बढ़ाया।

उन्होंने प्रदर्शनी में बने सेल्फी प्वॉइंट पर सेल्फी भी ली। प्रदर्शनी में लाख के चूड़े, साबुन, मिट्टी की मूर्तियां, डिजाइनर जूतियां, जूट बैग सहित कई हस्तनिर्मित वस्तुएं प्रदर्शित की गईं। स्कूली छात्रों द्वारा बनाई गई हर घर तिरंगा थीम पर आधारित पेंटिंग्स भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी किशनगढ़ बास मनीष कुमार जाटव, खंड विकास अधिकारी संजय यादव, एडीओ अनिल सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। स्कूली छात्र-छात्राओं ने भी स्टॉलों का अवलोकन कर उत्पादों की खरीदारी की।

# हर घर तिरंगा अभियान



बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** जिला मुख्यालय से लेकर गांव-गांव तक तिरंगे के सम्मान में आयोजित कार्यक्रमों में जोश, जुनून और देशभक्ति का सैलाब देखने को मिला। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन में चल रहा यह अभियान जन-जन का उत्सव बन गया है। जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों, सरकारी व गैर-सरकारी संस्थाओं, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के साथ-साथ पूरे जिलेवासियों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर देशप्रेम का संदेश दिया।

### द्वितीय चरण की गतिविधियां

अभियान के दूसरे चरण के तहत सोमवार को जिलेभर में मनरेगा साइटों और सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई, पर्यटन स्थलों पर तिरंगा गतिविधियां, विद्यालयों में चित्रकला, रंगोली, तिरंगा रैली, तथा पंचायत घरों व आंगनबाड़ियों में शपथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर निगम ने अलवर शहर के कम्पनी गार्डन सहित अन्य स्थानों पर सफाई अभियान चलाया। इसके साथ ही जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त अलवर का संदेश देने के लिए नाली सफाई, ग्रे-वाटर प्रबंधन, पाइपलाइन लीकेज रोकना, सार्वजनिक परिसंपत्तियों की सुरक्षा, श्रमदान और प्लास्टिक वेस्ट कलेक्शन जैसी गतिविधियां भी हुईं।

### रामगढ़ में भव्य तिरंगा रैली

उपखण्ड क्षेत्र रामगढ़ के गोविंदगढ़ में भव्य तिरंगा रैली का आयोजन हुआ, जिसे रामगढ़ विधायक श्री सुखवन्त सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में जनप्रतिनिधि, स्कूली विद्यार्थी और नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और 'भारत माता की जय' तथा 'वंदे मातरम' के नारों से माहौल गुंजायमान कर दिया। जिले के अन्य स्थानों पर भी जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में तिरंगा रैलियां निकाली गईं।

### 12 अगस्त को विशेष कार्यक्रम

अभियान के तहत 12 अगस्त को जिले के सभी गांवों में जल जीवन मिशन की संरचनाओं की सफाई और सौंदर्यकरण होगा। साथ ही कचरा प्रबंधन, शौचालय रख-रखाव, जल संरक्षण, भूमिगत जल संग्रहण, जलस्रोत संरक्षण, सिंगल-यूज़ प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित करने, तथा देशभक्ति थीम से सजावट के कार्य किए जाएंगे। जिला मुख्यालय के कम्पनी बाग सहित उपखण्ड, पंचायत और ग्राम स्तर पर 'हर घर तिरंगा कॉन्सर्ट' का आयोजन भी किया जाएगा।



# मल्लाना के एकलव्य स्कूल का राज्य स्तरीय खेलकूद में श्रेष्ठ प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ ( अलवर )।** उपखंड के मल्लाना गांव स्थित एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल ने उदयपुर में आयोजित पांचवीं राज्य स्तरीय एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता में 15 अंकों के साथ चौथा स्थान हासिल किया।

प्राचार्य जगदीश प्रसाद बैरवा के निर्देशन और वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक अमित कुमार यादव के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में स्कूल को हॉकी (छात्रा अंडर-19) में रजत, ऊंची कूद (छात्र अंडर-14) में स्वर्ण, ऊंची कूद (छात्र अंडर-19) में रजत, 400 मीटर दौड़ (छात्र अंडर-14) में कांस्य, 100 मीटर दौड़ (छात्र अंडर-14) में कांस्य, डिस्कस थ्रो (छात्र अंडर-14) में स्वर्ण और डिस्कस थ्रो (छात्रा अंडर-14) में कांस्य पदक मिले। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित खिलाड़ी अब ओडिशा में होने वाली राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेंगे। खिलाड़ियों के साथ शिक्षक अमित कुमार यादव, करमपाल और सपना कुमारी मीणा एस्कॉर्ट के रूप में मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल बीमा क्लेम वितरण का जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजित

## जिले के 3 हजार से अधिक किसानों को डेढ़ करोड़ से अधिक राशि के क्लेम हस्तांतरित किए गए।




बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी सीजन 2024-25 एवं खरीफ सीजन 2024 की बीमा दावा राशि की पहली किश्त डीबीटी के माध्यम से किसानों के खातों में हस्तांतरित करने का जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में जिले के 2746 कृषकों को खरीफ 2024 का 92.23 लाख रुपये का क्लेम वितरण तथा रबी 2024-25 में 305 कृषकों को प्रथम चरण में 66.36 लाख रुपये का क्लेम डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किया गया।

### मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में झुंझुनूं में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का जिला स्तरीय समारोह में वर्चुअल माध्यम से प्रसारण किया गया।

उन्होंने राज्य में लगभग 27 लाख फसल बीमा धारक किसानों को लगभग 1200 करोड़ रुपये की राशि का डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया। रबी सीजन 2024-25 एवं खरीफ सीजन 2024 की बीमा दावा राशि की पहली किश्त देश के लाखों किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से पहुंची।

### कार्यक्रम में उपस्थित

इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय श्री योगेश डागुर, अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर श्रीमती बीना महावर, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक श्री पी.सी. मीणा सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## कोटा के 18 वर्षीय छात्र आर्यन ने बनाया अद्वितीय गणित सूत्र

### इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी इंडिया ने इस सूत्र पर कॉपीराइट प्रमाणपत्र प्रदान किया

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( विनोद गौड़ )।** शहर के 18 वर्षीय छात्र आर्यन सिंह ने एक अनूठा गणितीय सूत्र विकसित कर एतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। बचपन से अद्वितीय सोच व अथक परिश्रम के बल पर आर्यन ने 9 अंक के साथ ऐसा नया सूत्र विकसित किया है जो आज तक गणित में उपलब्ध नहीं था।

वेल्ट्रिओनेक्स स्मार्ट क्रिएशंस प्रा.लि के संस्थापक आर्यन की इस खोज को इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी इंडिया द्वारा प्रमाणित किया गया है और उन्हें कॉपीराइट प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है। यह प्रमाणपत्र उसके सूत्र की मौलिकता और विशिष्टता को मान्यता देता है। इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी इंडिया से मिली यह मान्यता गणित के क्षेत्र में कम उम्र में ही उसके नवाचार को दर्शाती है।

उसने बताया कि 9 के अंक के साथ सभी गणितीय गणनाओं को उसने एक सूत्र से सरल बना दिया है। इस सूत्र से 9,99,999 आदि अंकों के परस्पर गुणा को मेंटल मैथ तकनीक से आसान कर दिया। जिसे उसने कॉपीराइट कराया है।

#### राष्ट्रीय बाल शक्ति पुरस्कार से सम्मानित

इससे पहले आर्यन सिंह को राजस्थान राष्ट्रीय नवाचार पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। उसे राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त करने पर 21,000 रू का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया था। आर्यन के स्टार्टअप ''मेरा साथी एग्रोटेक'' और उनके अभिनव उत्पाद एग्रो साथी को किसानों के लिए अत्याधुनिक समाधान के रूप में सराहा गया है। यह एआई और नई टेक्नोलॉजी पर आधारित बहुउद्देशीय कृषि मशीन है, जो कटाई, सिंचाई और अन्य कृषि कार्यों में मदद करती है।

## राउमावि हिंडोली में औचक निरीक्षण

### 29 में से 23 कार्मिक अनुपस्थित, विशेषाधिकारी ने जताई नाराजगी



बढ़ता राजस्थान

**हिंडोली/बूंदी ( विनोद कुमार गौड़ )।** हिंडोली के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मे सोमवार को औचक निरीक्षण मे भारी लापरवाही देखने को मिली। शिक्षा मंत्री के विशेषाधिकारी सतीश कुमार गुप्ता ने प्रातः 7.50 बजे राउमावि हिंडोली विद्यालय का औचक निरीक्षण करने पहुँच गये। इस निरीक्षण के दौरान विद्यालय में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कार्यरत 29 में से 23 कार्मिक अनुपस्थित पाए गए, जिससे विशेषाधिकारी ने गहरी नाराजगी जताई। निरीक्षण के समय अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रथम बुद्धाराम सहित अन्य शिक्षा विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। विशेषाधिकारी गुप्ता ने अनुपस्थित कर्मचारियों के प्रति सख्त रुख अपनाते हुए संबंधितों को तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन आहरित नहीं करने के आदेश भी दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में अनुशासन और उपस्थिति सुनिश्चित करना शिक्षा की गुणवत्ता के लिए अनिवार्य है। ऐसे मामलों में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस निरीक्षण से शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है और यह संदेश स्पष्ट हो गया है कि शैक्षणिक संस्थानों में जवाब देही सुनिश्चित करने के लिए अब कड़े कदम उठाए जाएंगे।

## विकास कार्यों में गति लाकर योजनाओं को धरातल पर उतारें- जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,( दामोदर सिंह )।** विभागीय योजनाओं की प्रगति एवं अंतर विभागीय समन्वय की समीक्षा बैठक सोमवार को कलक्टर पीयूष समारिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में कलक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विभाग उनसे सम्बद्ध बजट घोषणाओं, फ्लेगशिप योजनाओं, एमपी-एमएलए क्षेत्रीय विकास योजनाओं में गति लाएं और तय समय पर इन्हें पूरा करें, ताकि लक्षित समूह को इनका पूरा लाभ मिल सके। जिला कलक्टर ने एमपी-एमएलए लेड योजनाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए लम्बित कार्यो को शीघ्र पूरा करने एवं शुरू नहीं हो सके कार्यों को शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न योजनाओं में भूमि आवंटन की स्थिति जानी और इस कार्य को भी शीघ्रता से करने को कहा। जिला कलक्टर ने कहा कि राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाएं एवं बजट घोषणाएं प्राथमिकता पर रहें और यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही अस्वीकार्य है।

#### त्वरित हो शिकायत निस्तारण

संपर्क पोर्टल पर प्राप्त परिवादों के निस्तारण की समीक्षा कर कलक्टर ने निर्देश दिए कि गंभीरता पूर्वक प्रकरणों का निस्तारण किया जाए। पुराने प्रकरणों और प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री स्तर से प्राप्त प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। साथ ही निस्तारण में गुणवत्ता तथा संतुष्टि स्तर पर भी पूरा ध्यान रहे। विभागवार लम्बित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समयबद्धता का ध्यान रखें, इसमें कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। साथ ही, डीएनएमएस पोर्टल पर भी एक्शन टेकन रिपोर्ट शीघ्र भिजवाने के निर्देश दिए।

झुंझुनूं में आयोजित हुआ फसल क्लेम भुगतान कार्यक्रम

## फसल बीमा क्लेम राशि खाते में आते ही खुशी से खिले किसानों के चेहरे

### जिले के 26 हजार 700 किसानों के खातों में आए 10 करोड़ 90 लाख रुपये

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत सोमवार को झुंझुनूं में आयोजित क्लेम भुगतान कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा एवं केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक क्लिक में फसल बीमा क्लेम राशि किसानों के खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की।

राशि खाते में जमा होने का एसएमएस आते ही कोटा कलेक्ट्रेट स्थित वीसी रूम से कार्यक्रम से लाइव जुड़े जिले के किसानों के चेहरे खुशी से खिल उठे। एक के बाद एक किसानों के मोबाइल फोन पर क्लेम राशि खाते में जमा होने के मैसेज प्राप्त होने लगे पर किसानों ने मोबाइल फोन पर आया मैसेज दिखाते हुए तालियों की गड़गड़ाहट के साथ प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया। पीपल्दा तहसील के अयानी गांव निवासी किसान लटूर लाल गुर्जर के खाते में खरीफ 2024 फसल बीमा क्लेम की 78 हजार 883 रुपये की राशि जमा होने का मैसेज आते ही उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा को धन्यवाद दिया। इसी प्रकार अयानी गांव के ही चन्द्रप्रकाश मीणा के खाते में 78 हजार 22 रुपये, सुरेन्द्र सुमन के खाते में 67 हजार 509 रुपये, मुरारीलाल मीणा के खाते में 54 हजार रुपये एवं सत्यनारायण मीणा के खाते में 52 हजार 630 रुपये जमा होने का मैसेज आ गया। सभी किसानों ने केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसान हित में उठाए जा रहे कदमों की खुलकर प्रशंसा की। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना-फसल क्लेम भुगतान कार्यक्रम के तहत सोमवार को कोटा जिले के 26 हजार 700 किसानों के खाते में खरीफ-2024 के फसल बीमा क्लेम की कुल 10 करोड़ 90 लाख रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से जमा हुई। प्रदेश भर के 27 लाख किसानों के खातों में 1200 करोड़ रुपये का सीधा भुगतान हुआ। झुंझुनूं में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा, केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री श्री भागीरथ चौधरी सहित अन्य अतिथियों ने केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दी। जिला कलेक्ट्रेट कोटा स्थित वीसी रूम में जिला कलक्टर पीयूष समारिया, अतिरिक्त निदेशक कृषि विस्तार अशोक शर्मा, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार अतीश कुमार शर्मा सहित कृषि एवं बागवानी विभाग के अधिकारी एवं जिले के विभिन्न स्थानों से आए किसान उपस्थित रहे।

## भीम आर्मी की नई कार्यकारिणी का विस्तार, स्नेहलता बुनकर बनी पावटा उपाध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए एक नए नेतृत्व को जिम्मेदारी सौंपी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना सांसद चन्द्रशेखर आजाद के निर्देशानुसार राजस्थान प्रदेश संयोजक जितेन्द्र हटवाल की सहमति से कोटपूतली-बहरोड़ जिलाध्यक्ष मुकेश गोठवाल व विराटनगर विधानसभा अध्यक्ष कृष्ण बाकोलिया ने स्नेहलता बुनकर को पावटा उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है। कृष्ण बाकोलिया ने बताया कि भीम आर्मी का उद्देश्य बहुजन हिताय बहुजन सुखाय की विचारधारा को बढ़ावा देना है, जो बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर और मान्यवर कांशीराम की शिक्षाओं से प्रेरित है। संगठन का लक्ष्य समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा करना और उन्हें सशक्त बनाना है। स्नेहलता बुनकर की नियुक्ति पर राजेन्द्र मुलोदिया, अशोक वर्मा, मेहर सिंह, लोकेश कुमार, संतोष, राकेश, राहुल बाकोलिया, अमित, विजेश मुहानिया, राजेश कुमार, शिकंदर कटारिया, अशोक, के के चोटी वाला, सन्नी वर्मा, दिलबाग सिंह समेत अन्य लोगों ने बधाई प्रेषित कर नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी हैं। भीम आर्मी की इस नई कार्यकारिणी के विस्तार से संगठन को मजबूती मिलने की उम्मीद है और समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रभावी ढंग से काम करने में मदद मिलेगी।

## विपक्ष के सांसदों को नहीं,लोकतंत्र को कर रहे हैं डिटेन- मनोज दुबे

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( विनोद गौड़ )।** वोट चोरी के विरोध में शांतिपूर्ण मार्च निकाल रहे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी,सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा एवं विपक्ष के सांसदों को दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया। कोटा मे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनोज दुबे ने घटना को लोकतंत्र की आत्मा पर सीधा प्रहार बताते हुये इसे को घोर निंदनीय बताया। दुबे ने कहा की भाजपा सरकार और चुनाव आयोग मिलकर सांसदों को नहीं,लोकतंत्र को डिटेन कर रहे हैं। जों बेहद शर्मनाक है। मनोज दुबे ने कहा की लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्ष को अपनी बात रखने, शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने और जनता की आवाज बुलंद करने का संवैधानिक अधिकार है। विरोध प्रदर्शन, मार्च और जनआंदोलन ही वे माध्यम हैं जिनसे विपक्ष जनता के मुद्दे सामने लाता है, लेकिन केंद्र सरकार और चुनाव आयोग, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा तथ्यों के साथ लगाए गए गंभीर वोट चोरी के आरोप की जांच करने की बजाय,ध्यान भटकाने और विपक्ष को दबाने के हथकंडे अपना रहे हैं।

#### आयोग कि निष्पक्षता पर गंभीर सवाल

चुनाव आयोग का यह रवैया न केवल उसकी निष्पक्षता पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। आयोग अनियमितताओं को उजागर करें,उनकी जांच हो, न कि जांच की मांग करने वालों को चुप कराने का प्रयास करें।

आज की यह कार्रवाई भाजपा सरकार की हठधर्मी और लोकतंत्र-विरोधी सोच का जीता-जागता प्रमाण है।

यह न केवल संवैधानिक अधिकारों का खुला उल्लंघन है, बल्कि देश के लोकतांत्रिक मूल्यों की जड़ों पर कुठाराघात है।

## स्वतंत्रता दिवस पर कोटा में तिरंगा साइकिल रैली

### शहीदों के सम्मान मे देंगे पर्यावरण संरक्षण और साइकिल उपयोग का संदेश

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( विनोद गौड़ )।** शहर मे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कोटा में तिरंगा साइकिल रैली का आयोजन होगा, जो देश के वीर शहीदों को नमन करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देने का संदेश भी देगी। रैली की शुरुआत 15 अगस्त की सुबह 6.00 बजे महावीर नगर द्वितीय से ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के साथ होगी। साइकिल रैली गणेश उद्यान, आईआईटी चौक होते हुए बंधा धर्मपुरा अंडरपास तक पहुंचकर समापन स्थल पर 151 पौधों का रोपण किया जाएगा। कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन जिला कलक्टर पीयूष समारिया, कोटा शहर जिला पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम, एंटी करप्शन एएसपी विजय स्वर्णकर और विशेष इकाई एएसपी मुकुल शर्मा ने किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने रैली के आयोजन को पर्यावरण चेतना और संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

#### 10 फीट तिरंगा 25 किलोमीटर की दूरी

रैली के आयोजक हेमंत छाबड़िया ने बताया कि आयोजन के पश्चात स्कूल परिसर में पौधारोपण किया जाएगा। सह-संयोजक प्रणव राज सिंह खीची ने बताया कि यह कार्यक्रम पैडल फॉर साइकिल और कोटा ग्रीन कम्युनिटी के सहयोग से होगा, जिसमें वाइल्ड लाइफ डिवीजन कोटा, मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिज़र्व और एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारी भी भाग लेंगे। रैली लगभग 25 किलोमीटर की दूरी तय करेगी और इसकी शुरुआत 10 फीट लंबे राष्ट्रीय ध्वज के साथ होगी। रैली में सुगनाराम जाट (सीसीएफ, मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिज़र्व), विजय स्वर्णकर (एडिशनल एसपी, एसीबी) और मुकुल शर्मा (एडिशनल एसपी, स्पेशल यूनिट, एसीबी) सहित कई अधिकारी साइकिल चलाकर भाग लेंगे। प्रत्येक साइकिल पर तिरंगा लहराएगा और 151 से अधिक साइकिल सवार इसमें शामिल होंगे।

## सैंड स्टोन व क्रेशर उद्योग की समस्याओं पर बरड क्षेत्र में रणनीतिक बैठक, हड़ताल जारी रखने का निर्णय



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( दामोदर सिंह )।** सैंड स्टोन एवं क्रेशर उद्योग की समस्याओं को लेकर बूंदी जिले के डाबी क्षेत्र में चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल में सरकार के रूख को देखते हुए 11.08.2025 को होटल निकुंज में बूंदी के बरड क्षेत्र के सैंड स्टोन एवं क्रेशर उद्योग से जुड़े संगठन ने सभी सदस्यों को आमंत्रित कर मीटिंग आयोजित की गयी जिसमे हड़ताल को और प्रभावी बनाने एवं आगे की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया 7 प्रतिनिधि मंडल ने व्यवसायियों के सुझावों पर गौर किया एवं सरकार के द्वारा समस्याओं के समाधान एवं मांगो को माने जाने तक हड़ताल को यथावत जारी रखने का निर्णय सभी की सहमती से यथावत रखा गया है तथा मीटिंग में यह निर्णय हुआ कि एक विशिष्ट प्रतिनिधिमंडल जयपुर जाकर राजस्थान सरकार को ज्ञापन सौपेंगे एवं सरकार को सैंड स्टोन एवं क्रेशर की समस्याओं के बारे में अवगत करवाकर विस्तार से समाधान पर चर्चा करेंगे ।

इस दौरान आगामी सूचना तक बरड क्षेत्र में पूर्व की भांति ही लोकल एवं बाहरी लोडिंग पूर्णतः बंद रहेगी ।

बूंदी सैंड स्टोन माइंस ओनर विकास समिति के सचिव अशोक कुमार जैन एवं उपाध्यक्ष विश्वनाथ शर्मा, यूनाइटेड स्टोन क्रेशर वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष नियाज अहमद, बरड सैंड स्टोन क्षेत्रीय विकास समिति के कोषाध्यक्ष संजय पोखरणा एवं सचिव रणजीत मीणा एवं कोबल उद्योग संघ के अध्यक्ष नासिर अहमद सहित लालाजी लोचब, ओमजी राठौर, दयाराम गुर्जर, बंशीलाल राठौर, हरदेश शर्मा, गोपाल प्रजापत, नन्दलाल शर्मा, गजराज हाडा तथा सैंड स्टोन एवं क्रेशर उद्योग के अन्य व्यवसायी भारी मात्रा में मौजूद रहे ।

## केडीए की हुई विभागीय योजनाओ की समीक्षा बैठक

### सड़क,सौंदर्य,खेल स्टेडियम से लेकर मिनी सचिवालय तक की कार्य योजना मे तेजी के निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( विनोद गौड़ )।** जिला कलक्टर एवं अध्यक्ष, कोटा विकास प्राधिकरण पीयूष समारिया की अध्यक्षता में अपराह्न 4.00 बजे अध्यक्ष कक्ष में प्रगतिरत विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की हुई। बैठक में केडीए अध्यक्ष द्वारा शहर में हाल ही में हुई वर्षा से प्रभावित एवं खराब हुई सड़कों के मरम्मत कार्यों में त्वरित गति लाने के निर्देश दिए गए। साथ ही, प्राधिकरण के विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान किशोर सागर तालाब सौंदर्यीकरण, जे.के. पवेलियन स्टेडियम का विकास, स्विमिंग पूल एवं शूटिंग रेंज निर्माण, संविधान पार्क, श्रीनाथपुरम में दिव्यांग पार्क, उम्मेदपुर में 832 आवासों का निर्माण, एमबीएस हॉस्पिटल पुनर्विकास, शहर के 06 एंट्री पॉइंट्स का सौंदर्यीकरण, मुख्य सड़कों का लैंडस्केपिंग, यातायात सुगम कार्ययोजना, मिनी सचिवालय, वैदिक पार्क, रामाश्रय भवन निर्माण, प्रमुख चौराहों का विकास, डीसीएम में सामुदायिक भवन तथा मथुराधीश मंदिर परिक्रमा मार्ग सहित अन्य विकास कार्यों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। अध्यक्ष समारिया ने केंद्र सरकार की स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट 2025 2026 योजना के अंतर्गत ग्रीन बिल्डिंग इनिशिएटिव, जीआईएस मेपिंग सहित अन्य नवीन प्रस्ताव तैयार करवाए जाने के निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान वाणिज्यिक न्यायालय एवं आर्बिट्रेशन न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों पर भी चर्चा की गई और आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्राधिकरण के आयुक्त हरफूल सिंह यादव, सचिव, उपायुक्त एवं समस्त निदेशक उपस्थित रहे।

## कोटा-सवाई माधोपुर रेलखंड पर कोंकण रेलवे वरिष्ठ के अधिकारियों की टीम ने किया संरक्षा ऑडिट निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( विनोद गौड़ )।** कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम) के वरि. प्रशासनिक ग्रेड स्तर के अधिकारियों की इंटर रेलवे संरक्षा ऑडिट टीम द्वारा दिनांक 11 अगस्त को कोटा-सवाईमाधोपुर खण्ड के मध्य लाबान-लाखेरी खण्ड में किमी 979/12-979/22 के मध्य मेज नदी पर मेजर ब्रिज सं. 250, लाखेरी इंद्रगढ़ खण्ड में किमी 990/09-990/11-के मध्य कर्व सं. 50 अप एवं किमी 990/26-990/28 के मध्य समपार फाटक सं. 137/इंजी., इंद्रगढ़ स्टेशन, रिले रूम एवं किमी 992.49 पर प्वाइंट नं. 118. सवाईमाधोपुर स्टेशन, रिले रूम, एवं टीएसएस / सवाईमाधोपुर का संरक्षा ऑडिट एवं निरीक्षण किया गया।

इंटर रेलवे संरक्षा ऑडिट कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम) के मुख्य संरक्षा अधिकारी- एन.एम. तेलंग के नेतृत्व में मुख्य परियोजना प्रबंधक- कृष्णा लाम्बानी, उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार इंजी. रमेश बाबू उप मुख्य यांत्रिक अभियंता बी.टी. रजन्ना, उप मुख्य परिचालन प्रबंधक सी. के. थोबिअस, उप मुख्य रेलपथ इंजी. -- वी.एस. शिंदे, सहायक संरक्षा अधिकारी गिरीश रहल्कर, एवं सहायक परिचालन प्रबंधक (सेफ्टी) मनोज कुमार द्वारा एवं कोटा मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक- एल. के. धुरंधर एवं वरि. मंडल संरक्षा अधिकारी / कोटा- गोरधन मीना की उपस्थिति में किया गया, इस निरीक्षण के दौरान कोटा मंडल के अभियान्त्रिकी, यॉन्त्रिक, संकेत एवं दूर संचार, टीआरडी, विद्युत एवं परिचालन विभागों के शाखा अधिकारी व अन्य अधिकारीगण भी साथ में रहे रेल संपत्ति के रखरखाव, संरक्षा प्रक्रिया और प्रणालीगत दोषों के बारे मे होती है जांच।

रेलवे बोर्ड द्वारा वार्षिक शिड्यूल बनाकर रेल संरक्षा में सुधार हेतु नियमित संरक्षा ऑडिट कराया जाता है।

यह संरक्षा ऑडिट रेलवे के वरि. प्रशासनिक ग्रेड के अधिकारियों द्वारा किया जाता है, जिसके अंतर्गत रेल संपत्ति के रखरखाव, संरक्षा प्रक्रिया और प्रणालीगत दोषों के कमजोर क्षेत्रों की पहचान कर, दुर्घटनाओं को रोकने के तरीके, संसाधनों को उपलब्ध कराने एवं भारतीय रेलवे के बुनियादी ढांचों की संरक्षा सुनिश्चित करने हेतु समग्र प्रयास किये जाते हैं।

## अंडरपास का मामला कोर्ट में पहुंचा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** कोटा शहर के पास जगपुरा ग्राम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से जोड़ने वाला अंडरपास का मौका देखकर वहां भरे पानी की उचित निकासी की स्थाई व्यवस्था शीघ्र कराने का मामला अदालत में पहुंच गया है। इस मांग को पूरा करवाने को लेकर वकील सहित तीन जनों ने स्थाई लोक अदालत में जनहित याचिका पेश की है। इस पर लोक अदालत ने जिला कलेक्टर, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जगपुरा के प्रिंसीपल एवं एक्सईएन एनएच विंग पीडब्ल्यूडी कोटा को नोटिस जारी कर उनसे जवाब-तलब किया है। याचिका पर सुनवाई 27 अगस्त की पेशी तय की है। वकील लोकेश कुमार सैनी, दैनिक जननायक काईम रिपोर्टर जगदीश अरविंद एवं स्वतन्त्र पत्रकार धर्म बन्धु आर्य ने अपनी याचिका में जिला कलेक्टर, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जगपुरा के प्रिंसीपल एवं एक्सईएन एनएच विंग पीडब्ल्यूडी कोटा को पार्टी बनाया है। जिसमें कहा है कि कोटा शहर के पास जगपुरा ग्राम में राजकीय उच्च मायमिक विद्यालय तक पहुंचना विद्यार्थियों के लिए किसी खतरनाक सफर से कम नहीं है। विद्यार्थी हर दिन खतरनाक समस्या का सामना करते हुए पढ़ाई के लिए घर से निकलते हैं। उन्होंने बताया कि जगपुरा में विद्यालय से जोड़ने वाला एक मात्र अंडरपास है। परन्तु इसमें बरसात का पानी दो से तीन फीट भरा रहता है। या तो बच्चे इसमें होकर निकलते हैं। या फिर सीधे एनएच-52 पर चढ़कर विद्यालय जाते हैं। जहां तेज रफ्तार से दौड़ते वाहनों से बच्चों को हमेशा खतरा रहता है। बारिश के दिनों में हालात और खराब हो जाते हैं। ऐसे में बच्चे आधा किलोमीटर दूर घूमकर जोखिम उठाकर विद्यालय तक पहुंचने को मजबूर चले आ रहे हैं। विद्यालय में जगपुरा, भीमपुरा, गुर्जर भील बस्ती के बच्चे आते हैं।

# श्री हरिदत्त डिग्री कॉलेज में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** श्री हरिदत्त डिग्री कॉलेज टैक्नोलॉजी पार्क, सेवर, भरतपुर में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत एवं मार्गदर्शन हेतु छात्र अभिमुखीकरण कार्यक्रम 2025 का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजा, दीप प्रज्ज्वलन एवं प्राध्यापक श्री अशोक सिंह द्वारा प्रस्तुत सुंदर मंगलाचरण के साथ हुआ। कार्यक्रम के संरक्षक के रूप में श्री हरिदत्त ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के निदेशक डॉ. आलोक शर्मा, जबकि अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या डॉ. संजू शर्मा ने की। प्राचार्या डॉ. संजू शर्मा ने स्वागत संबोधन में कॉलेज का संक्षिप्त परिचय देते हुए नये विद्यार्थियों को संस्थान की उपलब्धियों से अवगत कराया। डॉ. राजकमल ने निदेशक महोदय, समिति सचिव एवं प्राचार्या का



संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। परंपरा के अनुसार सभी संकाय सदस्यों का परिचय भी विद्यार्थियों से कराया गया ताकि उन्हें शिक्षकों से प्रत्यक्ष संवाद का अवसर मिल सके। निदेशक डॉ. आलोक शर्मा ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि संस्थान न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बल्कि बहुआयामी विकास के अवसर भी प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाइल का उपयोग महाविद्यालय परिसर में न करने एवं ड्राइव करते समय हेलमेट पहनने के निर्देश दिए। मुख्य अतिथि एवं सचिव दुलीचंद सैनी ने विद्यार्थियों को किसी भी समस्या के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। डॉ. नीलम सिंह ने कॉलेज की शैक्षणिक उपलब्धियों, अधोसंरचना, पाठ्यक्रमों, आचार संहिता एवं छात्र सहयोग सुविधाओं की जानकारी दी। डॉ. रेनू वशिष्ठ ने परीक्षा नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय नियमों के अनुसार स्नातक कार्यक्रमों में 75त्न उपस्थिति अनिवार्य है, जबकि समन्वित शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम में सैद्धांतिक और प्रायोगिक कक्षाओं में 80त्न तथा स्कूल इंटर्नशिप में 90त्न उपस्थिति आवश्यक है।

छात्र कल्याण समन्वयक अशोक सिंह ने पुस्तकालय, रेड रिबन क्लब, कौशल विकास कार्यक्रम, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और कैरियर मार्गदर्शन जैसी सेवाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में नव प्रवेशित विद्यार्थियों ने अपना परिचय, रुचियां और कौशल साझा किए, जिसका उद्देश्य प्रतिभा खोज था। इस अवसर पर उपस्थित छात्रों के परिजनों को प्रबंध समिति द्वारा सम्मानित किया गया।

अंत में नशा मुक्ति जागरूकता सत्र आयोजित किया गया, जिसमें निदेशक डॉ. आलोक शर्मा ने सभी को नशा त्यागने और समाज में इसके खिलाफ प्रयास करने की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम का संचालन सुश्री मीरा देवी ने किया और अंत में धन्यवाद ज्ञापन डी. सी. सैनी द्वारा दिया गया। इस अवसर पर डॉ. राजकमल दिवाकर, महेंद्र सिंह, अरुण कुमार, प्रशांत राव दिनकर, पूनम चौधरी, वीरेन्द्र कुमार यादव, पुष्पा देवी, जितेंद्र राजपूत, कृपाल सिंह, सरिता करडवाल, साक्षी चतुर्वेदी, बिन्देश्वरी प्रसाद, अनुज कुमार, आकाश, गणेश सिंह, राजपाल सिंह, विनोद अवस्थी, डॉ. पूनम दीक्षित सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

## जिले के 1,005 किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की राशि डीबीटी से हस्तांतरित

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में झुंझुनू से हुआ राज्यव्यापी कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी सीजन 2024-25 एवं खरीफ सीजन 2024 की बीमा दावा राशि की पहली किस्त सोमवार को किसानों के बैंक खातों में डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से हस्तांतरित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ झुंझुनू में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा एवं केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में किया गया। राज्यभर में लगभग 27 लाख फसल बीमा धारक किसानों को कुल लगभग 1,200 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया गया। जिले में इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष से किया गया। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने बताया कि जिले के 1,005 किसानों को कुल 1 करोड़ 15 लाख 29 हजार 23 रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खातों में भेजी गई। इस अवसर पर जिले के किसान वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े और प्रतीकात्मक रूप से लाभार्थियों को चेक भी प्रदान किए गए।

## संगीत शर्मा युवा ब्राह्मण समाज अध्यक्ष निर्विरोध चयनित

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** परशुराम धर्मशाला में रविवार को युवा ब्राह्मण समाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज के युवा अध्यक्ष पद के लिए चुनाव संपन्न हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से पार्षद संगीत शर्मा को निर्विरोध युवा अध्यक्ष चुना गया।

चुनाव के दौरान समिति के सभी सम्माननीय सदस्य मौजूद रहे और उन्होंने एकजुट होकर शर्मा के नेतृत्व का समर्थन किया। निर्वाचित होने के बाद अपने उद्बोधन में संगीत शर्मा ने कहा कि उनका उद्देश्य बाड़ी क्षेत्र सहित ग्रामीण युवाओं को समाज के संगठन से जोड़कर सामाजिक एकता को मजबूत करना है। उन्होंने आश्वस्त किया कि समाज को संगठित कर नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास किया जाएगा।

अध्यक्ष पद संभालने के बाद समाज के विभिन्न वर्गों से शर्मा को बधाइयों का तांता लग गया। वर्तमान में वे बाड़ी नगर पालिका में पार्षद के रूप में कार्यरत हैं और समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। कार्यकारिणी की घोषणा और शपथ ग्रहण समारोह शीघ्र आयोजित किया जाएगा, जिसकी तिथि बाद में घोषित की जाएगी।

बैठक में गोल्डी पंडित (सरपंच), मोनू जागरिया, मोनू तिवारी, सचिन दीक्षित, शिवम चिनगटी, सतीश खेमरिया, सूरज दीक्षित, दीपेश शर्मा, राघवेंद्र विधोलिया, ऋषभ शर्मा (विप्र सेना अध्यक्ष), आदित्य पचौरी, आकाश लवनैया, गोविंद हरदेनिया, प्रभाकर शर्मा, देव पराशर, रवि शर्मा (अध्यापक), आकाश कपरेला सहित समाज के कई युवा उपस्थित रहे।

## प्रत्युष सिंघल का कोलंबिया यूनिवर्सिटी में साइंस रिसर्च हेतु चयन, क्षेत्र में खुशी की लहर

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर ( यतेन्द्र पांडेय )।** भुसावर कस्बे के सुनार गली निवासी प्रत्युष सिंघल ने अपनी प्रतिभा से न केवल कस्बे बल्कि पूरे राजस्थान का नाम रोशन किया है। विश्वविख्यात न्यूयॉर्क स्थित कोलंबिया यूनिवर्सिटी में उनका चयन साइंस रिसर्च के लिए हुआ है, जिससे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। प्रत्युष, मोहन स्वरूप सर्राफ के पौत्र हैं। कोलंबिया यूनिवर्सिटी हर वर्ष आयोजित प्रवेश परीक्षा के माध्यम से हजारों प्रतिभागियों में से मात्र 10 को चुनकर चार वर्षीय साइंस रिसर्च कोर्स करवाती है और उन्हें वैज्ञानिक की डिग्री प्रदान करती है। इस अवधि में चयनित प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय की ओर से 10,000 डॉलर का स्टाइपेंड और अलग से स्कॉलरशिप भी दी जाती है।

प्रत्युष ने जयपुर के एक निजी विद्यालय से विज्ञान संकाय में बारहवीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद कोलंबिया यूनिवर्सिटी की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की थी। उनके चयन पर परिवार, रिश्तेदारों और कस्बेवासियों ने ढेरों बधाइयाँ दीं और घर पर शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा।

## श्री राम बाजपेई जयंती पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान, 3000 पौधे लगाने का लक्ष्य



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पांडेय )।** भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा हरियाणा-राजस्थान अभियान के अंतर्गत, भारत में स्काउट एवं गाइड की स्थापना करने वाले श्री राम बाजपेई की जयंती पर शुक्रवार को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 3000 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर राहुल सैनी थे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में सहायक स्टेट कमिश्नर डॉ. आलोक शर्मा, प्रदीप शर्मा, प्रधान गिरधारी तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी अतुल चतुर्वेदी, सचिव भानु प्रताप सिंह, सचिव राजेंद्र शर्मा, सी.ओ. गाइड कल्पना शर्मा एवं सी.ओ. राजेंद्र मीणा उपस्थित रहे। स्काउट एवं गाइड के सदस्यों ने सामूहिक रूप से पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि श्री राम बाजपेई का जीवन सेवा, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण को समर्पित था, और उनकी जयंती पर वृक्षारोपण उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का एक सार्थक प्रयास है। कार्यक्रम में स्काउट, गाइड, अधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पौधारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

## जिला कारागृह में सचिव रेखा यादव का निरीक्षण

### बंदियों की समस्याएं सुनीं और सुविधाओं का जायजा लिया

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल के निर्देशन में सचिव रेखा यादव ने शनिवार को जिला कारागृह एवं जेल लीगल एड क्लीनिक का साप्ताहिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव यादव ने कारागृह में स्थापित प्रिजन लीगल एड क्लिनिक की कार्यप्रणाली की समीक्षा की और नालसा द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कारागृह में निरुद्ध नए व पुराने बंदियों से व्यक्तिगत रूप से वार्ता की, उनके मुकदमों में पैरवी के लिए उपलब्ध अधिवक्ताओं की स्थिति जानी और उनकी समस्याएं सुनीं। सचिव ने बंदियों को बताया कि किसी भी समस्या के समाधान के लिए वे जेल विजिटिंग लॉयर या अधिकार मित्र से संपर्क करें। उन्होंने लीगल एड क्लीनिक के रजिस्टरों का अवलोकन किया और निर्देश दिए कि नए बंदियों का इंद्राज समय पर किया जाए। एलडीसी को आदेश दिए गए कि प्रत्येक बंदी के फॉर्मेट में वकील का नाम, प्रकरण संख्या, आगामी पेशी की तारीख आदि भरकर बंदी को उपलब्ध कराएं तथा वकालतनामा में भी वकीलों के नाम दर्ज करें। निरीक्षण के दौरान सचिव ने बंदियों से भोजन की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली और पौष्टिक भोजन तैयार करने के निर्देश दिए। नालसा के टोल-फ्री नंबर 15100 की जानकारी भी बंदियों को दी गई। निर्धन बंदियों को आर्थिक सहायता दिलाने, अपराध के समय नाबालिग बंदियों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा निशुल्क विधिक सहायता के प्रार्थना पत्रों की समीक्षा के निर्देश दिए गए।

इसके अलावा, सचिव यादव ने जेल परिसर में स्वच्छता, साफ-सफाई, स्वास्थ्य सुविधाएं और अन्य आधारभूत व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सुनिश्चित करने को कहा कि बंदियों को समय पर चिकित्सा सुविधा और गुणवत्तापूर्ण भोजन मिले। इस मौके पर चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल अमित कम्ठान, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल पप्पू सिंह गुर्जर, कारागृह स्टाफ और बंदी मौजूद रहे।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 17 अगस्त को

राजगढ़ (राज खण्डेलवाल)। कस्बे के मेला चौराहा स्थित सैनी धर्मशाला में नई सोच नई किरण रक्तदानी संगठन की ओर से 17 अगस्त, रविवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर प्रात: 9 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा।

संगठन के दिनेश सैनी और यादराम मीना ने बताया कि रक्तदान करने वाले रक्तवीरों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

## आज होगा हर घर तिरंगा बाइक यात्रा का आयोजन

**राजगढ़ ( अलवर )।** मंगलवार दोपहर 3 बजे भाजपा मंडल राजगढ़ की ओर से हर घर में लहराए तिरंगा, हर मन में गूंजे भारत मां का जयघोष अभियान के तहत बाइक रैली निकाली जाएगी। रैली में जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, जिला कार्यकारिणी पदाधिकारी और राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी बन्नाराम मीना शामिल होंगे।मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित ने बताया कि यात्रा पंचायत समिति रेलवे स्टेशन राजगढ़ से शुरू होकर मुख्य बाजारों से होते हुए पंडित भवानी सहाय चौक पर संपन्न होगी।

## पीएम किसान बीमा योजना पर कार्यक्रम

## महाराज बाग कॉलोनीवासियों ने जलभराव की समस्या पर सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के पंचायत समिति सभागार में सोमवार को पीएम किसान बीमा योजना के क्लेम वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान झुंझुनू में आयोजित केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण वीसी के जरिए दिखाया गया। कार्यक्रम में बाड़ी एसडीएम भगवत शरण त्यागी, तहसीलदार मुकेश कुमार मीणा, विकास अधिकारी अनिल शर्मा, सहायक कृषि अधिकारी राममुकुट गुर्जर, रामखिलाड़ी रावत, कृषि पर्यवेक्षक श्रीकेस पुरी, विजय कुमार गौड़, संत कुमार मीणा, पिंटू मौर्य, राहुल कुमार शर्मा सहित अनेक अधिकारी और किसान मौजूद रहे।

### जलभराव की समस्या पर सौंपा ज्ञापन

इसी दौरान वार्ड नंबर 13, महाराज बाग कॉलोनी के दर्जनों नागरिक भी सभागार पहुंचे और कॉलोनी में जलभराव व नाले की क्षतिग्रस्त स्थिति को लेकर एसडीएम को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

**कॉलोनीवासियों** लहोरेराम, बनवारी, विशन, नरेश कुमार, धर्म सिंह, ज्वानसिंह मीना, नरेश कुमार और अन्य ने बताया कि पानी निकासी के लिए बनाए जा रहे नाले का निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप नहीं हो रहा। ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरतने से नाला क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे बारिश और गंदे पानी का जमाव कॉलोनी में हो रहा है। निवासियों ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में भी नगर पालिका को शिकायत दी गई थी,

## घड़ियाल व स्लॉथ भालू संरक्षण के लिए केंद्र सरकार चलाएगी 'प्रजाति पुनरुद्धार कार्यक्रम'



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** विलुप्तप्राय प्रजातियों के संरक्षण के लिए केंद्र सरकार ने घड़ियाल और स्लॉथ भालू को 'अति संकटग्रस्त' श्रेणी में शामिल करते हुए इनके लिए विशेष प्रजाति पुनरुद्धार कार्यक्रम शुरू करने की मंजूरी दी है। इसके तहत धौलपुर में दोनों प्रजातियों के संरक्षण के लिए वार्षिक योजना (एनुअल प्लान) बनाई जाएगी और केंद्र से अलग बजट मिलेगा। राजस्थान के चीफ वाइल्डलाइफ वार्डन शिखा मेहरा के अनुसार, घड़ियाल और भालू के लिए रिकवरी प्लान तैयार कर उसी के अनुसार संरक्षण कार्य किए जाएंगे। कार्यक्रम में उन्नत तकनीक, गहन प्रबंधन और संरक्षण प्रजनन जैसी विधियों का उपयोग कर इनकी संख्या बढ़ाने पर जोर होगा। फिलहाल चंबल नदी में लगभग 2,462 घड़ियाल और धौलपुर क्षेत्र में 30 भालू पाए जाते हैं। 435 किलोमीटर का चंबल घड़ियाल अभयारण्य राजस्थान, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश में फैला है, जिसका बड़ा योगदान मप्र के देवरी केंद्र का रहा है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस योजना से इन दोनों प्रजातियों के संरक्षण को नई दिशा मिलेगी और विलुप्त होने का खतरा काफी हद तक कम होगा।

## नीमखेड़ा के छात्रों ने निकाली तिरंगा रैली

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम 2025 के तहत सोमवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नीमखेड़ा के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने तिरंगा रैली निकालकर घर-घर तिरंगा, हर घर तिरंगा का संदेश दिया। विद्यालय के व्याख्याता राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सुबह प्रार्थना सत्र में तिरंगा संगीत कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों ने देशभक्ति गीत गाए और कविता पाठ किया। तिरंगा कैनवास गतिविधि के तहत विद्यार्थियों ने देशभक्ति से जुड़े चित्र बनाए, वहीं बालिकाओं ने तिरंगा राखी तैयार कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य भगवान दास शर्मा के नेतृत्व में सभी छात्र-छात्राओं और स्टाफ के सदस्यों ने पूरे ग्राम में तिरंगा रैली निकाली। यह रैली विभिन्न मोहल्लों और गलियों से होती हुई घर-घर तिरंगा, घर-घर स्वच्छता का संदेश देती हुई वापस विद्यालय परिसर में संपन्न हुई। इस अवसर पर नारायण सिंह, रामदीन वर्मा, बच्चू सिंह, मनोज सेन, चतर सिंह, अनिल यादव, मोहन सिंह कुशवाह, रामनाथ गौड़, वीरेंद्र सिंह राजपूत, अजमेर सिंह कुशवाह, प्रेम सिंह त्यागी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बाड़ी में ठेका बिजली कर्मचारियों का विरोध: 15 साल से सेवा, न एरियर न मानदेय बढ़ोतरी

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** डिस्कॉम के एफआरटी टीम के ठेका बिजली कर्मचारियों ने सोमवार को कार्यालय परिसर में विरोध प्रदर्शन कर अपनी मांगों का ज्ञापन सहायक अभियंता आरडी मीणा को सौंपा। कर्मचारियों का कहना है कि वे पिछले 15 वर्षों से बिजली लाइनों का मेंटेनेंस कर रहे हैं, लेकिन इस लंबे समय में न तो उनका मानदेय बढ़ाया गया और न ही एरियर का भुगतान किया गया। उनका आरोप है कि ठेकेदार मनमर्जी से काम ले रहे हैं, जिससे कर्मचारियों का शोषण हो रहा है और परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है।

एफआरटी टीम के कर्मचारी पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि फिलहाल लाइनमैन को 8,655 रुपये और हेल्पर को 6,551 रुपये मासिक मानदेय मिल रहा है। कर्मचारियों ने मांग की है कि लाइनमैन को 21,000 रुपये और हेल्पर को 18,000 रुपये प्रतिमाह दिए जाएं, साथ ही 25 प्रतिशत पीएफ का प्रावधान भी किया जाए। अन्य मांगों में हर टीम के लिए रेस्ट रिलीवर की नियुक्ति, वार्षिक अनुभव प्रमाण पत्र, सेफ्टी उपकरण, 20 लाख रुपये का बीमा कवर और हर गाड़ी पर ड्राइवर की नियुक्ति शामिल है। कर्मचारियों का कहना है कि कंपनी पुराने वेतनमान पर काम करने का दबाव बना रही है, जिसे वे मानने को तैयार नहीं हैं।

इसी कारण उन्होंने काम का बहिष्कार करते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू किया है।

## नगर पालिका बाड़ी द्वारा हर घर तिरंगा - हर घर स्वच्छता अभियान के तहत भव्य बाइक रैली का आयोजन

बढ़ता राजस्थान




**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** जिला कलेक्टर श्रीनीधि बीटी एवं उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी के निर्देशन में, अधिशाषी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल की देखरेख में नगर पालिका बाड़ी ने हर घर तिरंगा - हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत एक भव्य बाइक रैली का आयोजन किया।

रैली का उद्देश्य आमजन में स्वच्छता के महत्व और देशभक्ति की भावना को जागृत करना था। नगर पालिका बाड़ी के कनिष्ठ अभियंता अमित गोयल ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में शामिल युवाओं और नागरिकों ने हाथों में तिरंगा लेकर स्वच्छ भारत - सुंदर भारत के नारे लगाए और नगर में स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया। यह पहल जन-जन में स्वच्छता और देशभक्ति को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय कदम मानी गई। कार्यक्रम में कनिष्ठ अभियंता अमित कुमार गोयल, वरिष्ठ प्रारूपकार सुधीर कुमार त्यागी, सफाई प्रभारी यादवेंद्र सिंह तोमर, कार्यक्रम प्रभारी तपेश बिधूड़ी, सहप्रभारी जोगेंद्र मीणा, शिवशंकर पचौरी, सुमित तिवारी, मनु बिधूड़ी, गोविंद सिंह यादव, पुनीत कपरेला, धर्मेंद्र शिवहरे, कल्याण सिंह, सतीश अंधाना, पवन मीणा, तनुज गहलोत सहित नगर पालिका के सभी अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय नागरिक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। बाइक रैली नगर के प्रमुख मार्गों से गुज़री और पूरे शहर में जन-जागरूकता का संदेश फैलाया।

# जिलेभर में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत चल रहे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रभक्ति, स्वच्छता और जन-जागृति से ओत-प्रोत अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

नगर परिषद चित्तौड़गढ़ एवं निंबाहेड़ा में शहर की दीवारों पर आकर्षक देशभक्ति-थीम आधारित पेंटिंग बनाई गई, जिससे अभियान का संदेश जन-जन तक पहुंचे। पंचायत समिति बेगू की ग्राम पंचायत मेघ निवास में चारागाह भूमि पर पौधारोपण किया गया। गोपालपुरा ग्राम पंचायत में तिरंगा एवं स्वच्छता रैली निकालकर स्वच्छता और राष्ट्रप्रेम की शपथ दिलाई गई। ग्राम पंचायत पारसोली में तिरंगा यात्रा निकाली गई, वहीं पंचायत समिति परिसर में नागरिकों ने सेल्फी विद तिरंगा अभियान में भाग लिया।

पंचायत समिति राशमी के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिंहाना में छात्रों ने तिरंगा रैली के साथ आंगनवाड़ी केंद्र पर रंगोली बनाकर वातावरण को देशभक्ति से रंग दिया।

पंचायत समिति भूपालसागर के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में रैली के साथ हस्ताक्षर अभियान आयोजित हुआ। अकोला में सरकारी भवनों को तिरंगा थीम लाइटिंग से सजाया गया और रैली निकाली गई। भदेसर में भी उत्साहपूर्ण तिरंगा रैली निकाली गई। पंचायत समिति चित्तौड़गढ़ के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नरेला में रंगोली बनाई गई। बड़ी सादड़ी नगर पालिका क्षेत्र में रंगोली और सेल्फी विद तिरंगा गतिविधियां हुईं। उपखण्ड क्षेत्र डूंगला में भी दिनभर उत्साहपूर्ण गतिविधियां हुईं।

यू.एस. ओस्तवाल इंटरनेशनल स्कूल, मंगलवाड़ में वॉल पेंटिंग, संगीत, लेखन एवं तिरंगा रैली प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। छात्र-छात्राओं ने भारत माता, आज़ादी के अमृत महोत्सव और राष्ट्रीय ध्वज पर आधारित पेंटिंग्स बनाईं। भव्य तिरंगा रैली में स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी, विद्यालय स्टाफ और लगभग 500 छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

सभी के हाथों में लहराते तिरंगे राष्ट्रप्रेम और एकता का अद्भुत संदेश दे रहे थे। इसके साथ ही उपखण्ड की सभी ग्राम पंचायतों में शहीद स्मारकों पर श्रद्धांजलि के साथ हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित हुआ तथा उपस्थित जनों को शपथ दिलाई गई। सभी अमृत सरोवरों पर भी तिरंगा कार्यक्रम आयोजित हुआ। नगर पालिका रावतभाटा ने डेम साइट इंडिया गेट पर विशेष सेल्फी प्वाइंट तैयार किया, जहां नागरिक तिरंगे के साथ देशभक्ति के पलों को संजो रहे हैं।

इन कार्यक्रमों के माध्यम से जिलेभर में स्वतंत्रता दिवस के पूर्व राष्ट्रीय एकता, स्वच्छता और देशभक्ति का संदेश घर-घर तक पहुंच रहा है। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे 13 से 15 अगस्त के बीच अपने घर, प्रतिष्ठान और कार्यालयों पर तिरंगा फहराकर इस जन-आंदोलन को सफल बनाएं।

## देशभर में 2000 जैन मंदिरों का सामूहिक शुद्धिकरण,

### उन्हैल नागेश्वर जैन मंदिर में भी हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**उन्हैल ( आबिद हुसैन )।** देश के 13 राज्यों में रविवार को एक ही दिन, दो हजार श्वेतांबर जैन जिनालयों में सामूहिक शुद्धिकरण किया गया। इस क्रम में विश्व प्रसिद्ध नागेश्वर जैन मंदिर, उन्हैल में भी नवरत्न परिवार और श्रीसंघ के श्रावक-श्राविकाओं ने मंदिर का शुद्धिकरण किया। शुद्धिकरण के दौरान मंदिर के पात्र, कपाट, आरती के बर्तन और पूरे मंदिर परिसर की सफाई व शुद्धि की गई। यह आयोजन पिछले 15 वर्षों से निरंतर हो रहा है, जिसकी शुरुआत 2011 में हुई थी। जिनालयों के सामूहिक शुद्धिकरण की पहल मालवा भूषण आचार्य नवरत्न सागर सुरीश्वर म.सा. और आचार्य विश्वरत्न सागर सुरीश्वर म.सा. के सान्निध्य में मालवा महासंघ और नवरत्न परिवार ने की थी। पहले स्थानीय श्रीसंघ अपने स्तर पर अलग-अलग समय पर मंदिर का शुद्धिकरण करते थे, लेकिन नवरत्न परिवार ने इसे सामूहिक रूप देकर राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया। नवरत्न परिवार के नगर अध्यक्ष सोनू जैन ने बताया कि नागेश्वर जैन मंदिर का शुद्धिकरण सुबह 10 बजे शुरू हुआ और दोपहर तक चला। इस अवसर पर नवरत्न परिवार के सदस्य, उन्हैल श्रीसंघ और कुशल विचक्षण बहु मंडल के श्रावक-श्राविकाएं मौजूद रहे।

## बिलखेड़ी विद्यालय उच्च माध्यमिक स्तर पर क्रमोन्नत, ग्रामीणों में खुशी की लहर



बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( आबिद हुसैन. )।** गंगधार तहसील की कुमठिया पंचायत के बिलखेड़ी गांव का राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय अब उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत हो गया है, जिससे ग्रामीणों में उत्साह और खुशी का माहौल है। पहले विद्यालय केवल कक्षा 8वीं तक ही था, जिसके कारण बच्चों को उच्च माध्यमिक शिक्षा के लिए प्रतिदिन लगभग 5 किलोमीटर पैदल चलकर पंचायत मुख्यालय कुमठिया जाना पड़ता था। विद्यालय के उच्च माध्यमिक स्तर पर उन्नयन के बाद अब गांव के बालक-बालिकाएं अपने ही गांव में शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे और उन्हें 10 किलोमीटर आने-जाने की परेशानी से निजात मिलेगी। सोमवार को ग्रामीणों ने विद्यालय पहुंचकर मिठाइयां बांटी और पटाखे चलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर ग्रामवासी, अध्यापक और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## श्री मसानिया भेरुनाथ मंदिर में नशा मुक्ति की शपथ, युवाओं को स्वस्थ जीवन का संदेश



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** पंचमुखी मोक्षधाम स्थित श्री मसानिया भेरुनाथ मंदिर परिसर में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। मंदिर के युवा अध्यक्ष रवि कुमार सोलंकी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर रोक लगाना और युवाओं को स्वस्थ, सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित करना है। शपथ ग्रहण के दौरान उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और अपने आस-पास के लोगों को भी नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करेंगे। पुजारी संतोष कुमार खटीक ने बताया कि मंदिर समिति और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर भीमगंज थाना पुलिस के अधिकारी और जवान भी उपस्थित रहे, जिन्होंने नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

## शाहपुरा में आज अमर शहीद हेमू कालानी स्मारक व प्रतिमा का लोकार्पण, पहली बार आएंगे कालानी परिवार के सदस्य

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/शाहपुरा ( अमित शर्मा )।** स्वतंत्रता संग्राम के वीर योद्धा अमर शहीद हेमू कालानी की स्मृति में शाहपुरा सिंधी कॉलोनी के पास निर्मित भव्य स्मारक और प्रतिमा का लोकार्पण मंगलवार, 12 अगस्त को प्रातः 10 बजे किया जाएगा। नगर पालिका शाहपुरा और पूज्य सिंधी पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में पहली बार कालानी परिवार के सदस्य – कमला कालानी, सुरेश कालानी और नरेश कालानी – विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम महाराज, सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक डॉ. लालाराम बैरवा, श्रीचंद कृपलानी सहित जिले के जनप्रतिनिधि और सिंधी पंचायतों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

## मंसूरी ब्रदर्स का नौवां नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न, अगला आयोजन 14 सितंबर को

बढ़ता राजस्थान




**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** सामाजिक दायित्व निभाते हुए मंसूरी ब्रदर्स ने रविवार को अपना नौवां नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन गुलजी पीर दरगाह स्थित जमात खाने में आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरुआत फजर की नमाज के बाद पेश इमाम की अगुवाई में मुस्लिम रीति-रिवाजों के अनुसार हुई, जिसमें 11 जोड़ों का निकाह संपन्न कराया गया। इसी अवसर पर घोषणा की गई कि अगला सामूहिक विवाह सम्मेलन 14 सितंबर को होगा। परिवार के सदस्य हाजी उमर मंसूरी ने बताया कि मंसूरी ब्रदर्स ने अब तक नौ सम्मेलनों के माध्यम से 265 जोड़ों का नि:शुल्क निकाह संपन्न कराया है। पूर्व में अपने ही परिवार के विवाह भी अन्य जोड़ों के साथ करवाए गए थे, परंतु अब परिवार में विवाह योग्य सदस्य नहीं होने के कारण उन्होंने हर माह 11 जोड़ों की शादियां कराने का संकल्प लिया है। कार्यक्रम परिवार के संरक्षक इमामुद्दीन मंसूरी के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ और इसकी अध्यक्षता नगर परिषद के पूर्व प्रतिपक्ष नेता अब्दुल सलाम मंसूरी ने की। समारोह में पूर्व पार्षद जाकीर मोहम्मद, सुभाष नगर भाईचारा कमेटी के संरक्षक शहजाद खान, सदर नाहर खां कायमखानी, नायब सदर फूल मोहम्मद, खजांची फखरुद्दीन शेख और फिरोज खां सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

आयोजन के प्रबंधक रशीद खान पठान ने बताया कि इस बार समारोह की सफलता में समाजसेवी हाजी अहमद हुसैन चांदेड़, मोहम्मद शकील गौरी, सोहराब गौरी, मुस्ताक मंसूरी, मोहम्मद अली मंसूरी, मोहम्मद आरिफ मंसूरी और ताहीर पठान का विशेष योगदान रहा।

## नैनवां में कजली तीज महोत्सव आज व कल

### सतरंगी संस्कृतिक नजरे होगें मुख्य आकर्षण के केन्द्र

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** कजली तीज माता कि सवारी आज ओर कल निकाली जायेगी। पालिका द्वारा कजली तीज महोत्सव को लेकर सम्पर्ण तैयारिया पूर्ण कर ली है। ई.ओ शिकेश कांकरिया ने बताया कि कजली तीज माता की सवारी पालिका के तत्वावधान दो दिवसीय का आयोजन किया जायेगा। 12 अगस्त मंगलवार एंव 13 अगस्त बुधवार को दोनो तालाबो की ओर कजली तीज माता की भव्य सवारी आकर्षक झॉकियो के साथ निकाली जायेगी। प्रथम दिवस 12 अगस्त मंगलवार को सांय 5 बजे तीज माता की विधि विधान के साथ पूजन अर्चन की जायेगी। इसके बाद गढ़चोक नैनवां से रवाना होकर खानपोल पाल पर पालेश्वर महादेव मन्दिर के समीप नवल सागर तालाब पाल तीजमाता के चबुतरे पर पहुँचेगी। जहां पर तीजमाता की विधिवत पूजा-अर्चना, तथा भव्य आतिशबाजी की जावेगी। इसके पश्चात सवारी वापस गढ़चोक मे आकर विसर्जन होगी।

इसी प्रकार 13 अगस्त बुधवार सांय 5 बजे से गढ़चोक से रवाना होकर गढ़पोल नीलकण्ठ महादेव मन्दिर तीजमाता के चबूतरे के पास पर पहुँचेगी जहा पर तीजमाता की विधिवत पूजा अर्चना, तथा भव्य आतिशबाजी की जावेगी तथा इसके पश्चात सवारी वापस गढ़चोक में विसर्जन होगी।

## रामदेवरा के लिए 15 जातरूओ का जत्था हुआ रवाना

### महिलाओ- पुरूषो ने की पुष्प वर्षा, कॅवर सिंह की छतरिया विदा करने पहॅुचे

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** बाबा रामदेव के दशर्नाथ पैदल यात्रियो का जत्था रक्षाबंधन के बाद से शुरू होने लग गये है। पैदल यात्री अपने हाथो में ध्वज लेकर बाबा के भजन गाते हुए आस्था की डगर पर रवाना होने लगे है। सोमवार को नैनवां कस्बे के देईपोल रेगर मोहल्ला से भी 15 जातरूओ का जत्था रामदेवरा के लिए रवाना हुआ। रैगर मोहल्ला में स्थित बाबा रामदेव के मंदिर पर पूजा अर्चना की गई। महिलाओ द्वारा बाबा के भजन गाये गये।

रैगर समाज के महिला पुरूषो ने जारूओ को ध्वज सौपा कर पुष्प वर्षा की गई। इसके बाद कॅवर नैनसिंह महाराज की छतरिया तक सभी महिला पुरूष जारूओ को विदा करने पहॅुचे। इस दौरान पार्षद रामबाबू वर्मा, भॅवरलाल सिंघाड़िया, दुर्गालाल नोगिया, हरिमोहन नोगिया सहित कई समाज के लोग मौजूद रहे।

## कपासन नगर पालिका ने 'हर घर तिरंगा' हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की

बढ़ता राजस्थान




**कपासन ( नि.स. )।** नगर पालिका प्रशासन ने 'हर घर तिरंगा' अभियान के प्रति क्षेत्रीय नागरिकों को जागरूक करने के लिए सोमवार को हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की। नगर पालिका कपासन के अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह देथा ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश में 2 से 15 अगस्त तक तिरंगा अभियान तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पालिका अध्यक्ष मंजू देवी सोनी ने हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष सैयद एजाज अली, भाजपा नगर मंडल कपासन अध्यक्ष पंकज सिरोया, ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ पार्षद नंदकिशोर टेलर, पार्षद अशोक विजयवर्गीय, पार्षद मुकेश पलोड़, पूर्व नपा अध्यक्ष गजेंद्र बाघमार, किसान युवा मोर्चा अध्यक्ष शंभूलाल बागड़ा, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी, गौरव दाधीच, मनीष बारेगामा सहित नगर पालिका के कार्मिक उपस्थित रहे।

## भाजपा की तिरंगा यात्रा 13 अगस्त को, तैयारी बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय

बढ़ता राजस्थान




**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** भारतीय जनता पार्टी सुभाष मंडल की ओर से 13 अगस्त को वाहन तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यह निर्णय भाजपा प्रदेश और जिला नेतृत्व के निर्देश पर लिया गया। मंडल अध्यक्ष ऋतुशेखर शर्मा ने बताया कि यात्रा की तैयारियों को लेकर मंडल के प्रमुख कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। जिला नेतृत्व ने इस कार्यक्रम के लिए पार्षद जगदीश गुजर को संयोजक, रोहित सेन और दिनेश माली को सह-संयोजक नियुक्त किया है। तिरंगा यात्रा 13 अगस्त को दोपहर 3:15 बजे मोदी ग्राउंड से शुरू होगी और मुख्य मार्गों से होते हुए चित्रकूट धाम पहुंचेगी। बैठक में जिला मंत्री सुरेंद्र सिंह मोटरास, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुलदीप शर्मा, डॉ. राजसाध वैष्णव, मंडल उपाध्यक्ष पुनीत प्रताप सिंह, अमित मेहता, अनिता आर्य, मंडल मंत्री राहुल सुवालका, दीपक पराशर, रणजीत सिंह, पंकज श्रोत्रिय, केशर सिंह चौधरी, सीपी जोशी, शांति लाल डाड़ सहित कई पार्षद एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कपासन में आज भाजपा नगर मंडल की तिरंगा यात्रा

### सुनारिया मंदिर चौक से होगी शुरुआत



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल कपासन की ओर से 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत आज मंगलवार सुबह 10:30 बजे तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। मंडल संयोजक विजयवर्गीय ने बताया कि संगठन के जिला स्तरीय निर्देशानुसार यात्रा नया बाजार स्थित सुनारिया मंदिर चौक से प्रारंभ होगी और सदर बाजार, खारी बावड़ी हनुमान जी मंदिर, पुराना बस स्टैंड, पांच बत्ती चौराहे से होते हुए नगर पालिका कार्यालय पर संपन्न होगी। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजू देवी सोनी और भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया करेंगे। सहसंयोजक अशोक शर्मा, अजय सुराणा और शंकर चंदेल ने कार्यकर्ताओं से अधिकाधिक संख्या में यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया है। तैयारियों के मद्देनजर सोमवार दोपहर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया और नगर पालिका अध्यक्ष मंजू देवी सोनी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई, जिसमें सुझावों के आधार पर यात्रा की रूपरेखा तय की गई। इस अवसर पर ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ पार्षद नंदकिशोर टेलर, नगर पालिका उपाध्यक्ष सैयद एजाज अली, पार्षद प्रतिनिधि शंभुलाल बागड़ा, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी, युवा मोर्चा के मनीष बारेगामा, गौरव दाधीच सहित कई भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नैनवां में निकाली तिरंगा वाहन रैली

बढ़ता राजस्थान




**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** सोमवार को भाजपा शहर मंडल की ओर से आजादी महोत्सव को लेकर तिरंगा वाहन रैली निकाली। तिरंगा वाहन रैली में डीजे पर देशभक्ति गीते के पीछे-पीछे तिरंगा हाथ में लेकर भाजपा कार्यकर्ता एंव पदाधिकारी चल रहे थे। पालिका परिसर में वाहन रैली का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा ने किया। वाहन रैली नगर पालिका से देईपोल चुंगी नाके , अदालत रोड ,भगत सिंह चैराहे, नीलकंठ महादेव ,होती हुई मुख्य बाजार चार हाटड़िया, झंडे की गली से मालदेवणी चैक होती हुई अंबेडकर सर्किल पर पहुंची ।जहां पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर लड्डू वितरित किये गये। वाहन रैली में भाजपा जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता नागर, जिला परिषद सदस्य शक्ति सिंह आसावत, युवा मोर्चा के कोषाध्यक्ष महेंद्र नागर, मंडल अध्यक्ष अनिल रंगीला ,ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राधा किशन सैनी, उपाध्यक्ष राजा राम मीणा, पंचायत समिति सदस्य रेशम सिंह ,मुकुट शर्मा ,पूर्व अध्यक्ष पुखराज ओसवाल, गोपीलाल सैनी , पूर्व मंडल अध्यक्ष केसर लाल नोगिया ,पार्षद रामबाबू, कार्यक्रम संयोजक एवं पार्षद राजू चैधरी, मनोज भाट्ट ,कृष्ण मुरारी तिवारी, युवा मोर्चा महामंत्री जितेंद्र भाट्ट ,लकी सिंह, अशोक सैनी सहित मौजूद रहे।

## पीपाखेड़ी से श्री सांवलिया सेठ मंदिर के लिए विशाल पदयात्रा रवाना

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (आबिद हुसैन) ।** गंगधार उपखंड की ग्राम पंचायत तलावली के ग्राम पीपाखेड़ी से श्री सांवलिया सेठ मंदिर के लिए एक विशाल पैदल यात्रा का आयोजन किया गया। पीपाखेड़ी श्री सांवलिया सेठ मंडल के नेतृत्व में लगभग 100 श्रद्धालु भक्त समाजसेवी विक्रम सिंह और गोपाल सिंह के निर्देशन में भक्ति भाव से रवाना हुए। यात्रा में पुरुषों के साथ महिलाओं ने भी भाग लिया। सभी श्रद्धालु डीजे की भक्ति धुनों पर झूमते हुए मंदिर की ओर अग्रसर हुए। रास्ते में मल्हारगंज तिराहे पर पंचायत समिति सदस्य नरवर सिंह एवं उनकी टीम ने यात्रियों का स्वागत किया। इस दौरान अल्पाहार वितरण के साथ सुरक्षित और सुखद यात्रा की कामना की गई। यह आयोजन श्रद्धा, सामूहिकता और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक रहा।

दैनिक बढ़ता राजस्थान
RNI NO. RAJHIN/2010/35060

# गहलोत के पीएसओ ने 5 लाख में खरीदा था पेपर

## साढे 7 लाख में सत्येन्द्र सिंह और रविन्द्र सैनी को राजकुमार यादव ने बेचा था पेपर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** एसआई भर्ती परीक्षा-2021 में बेटे भरत को एसआई बनाने के लिए हैड कॉन्स्टेबल राजकुमार ने कुंदन से 5 लाख रुपए में पेपर खरीदा था। इसके बाद राजकुमार यादव ने कॉन्स्टेबल सत्येंद्र सिंह यादव और अपने पड़ोसी रविंद्र सैनी को 7.50 लाख रुपए में बेचा था। एसओजी ने एसआई भर्ती पेपर लीक मामले में हैड कॉन्स्टेबल राजकुमार यादव व उनके बेटे भरत यादव को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। दोनों 12 अगस्त मंगलवार तक रिमांड पर हैं। रिमांड के दौरान हुई पूछताछ में पीएसओ राजकुमार ने कई जानकारी एसओजी को दी हैं। हैड कॉन्स्टेबल राजकुमार का उदयपुर निवासी कुंदन पंडया से 2008 से संपर्क था। जब हैड कॉन्स्टेबल राजकुमार तत्कालीन मंत्री महेंद्र जीत मालवीय का पीएसओ था। उसी दौरान कुंदन मंत्री के विधानसभा क्षेत्र में लाइजनिंग अधिकारी बना हुआ था। इसी के चलते कुंदन ने ही राजकुमार को एसआई भर्ती का पेपर उपलब्ध करवाया था।



### फरार रविंद्र की तलाश के लिए टीम बनाई

सीकर पुलिस लाइन से फरार एसआई रविंद्र की तलाश के लिए एसओजी ने सीकर, झुंझुनूं व जयपुर में कई स्थानों पर सर्च किया लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा है। एसओजी ने उसे पूछताछ का नोटिस दिया था, जिस के बाद से वह फरार था। सैनी का 156 वें स्थान पर एसआई भर्ती परीक्षा में चयन हुआ था। इस प्रकरण में अब तक 54 एसआई सहित 120 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# जूली बोले- स्मार्ट मीटर योजना बंद करे सरकार

## भाजपा को मिले बॉन्ड की एवज में ब्लैक-लिस्टेड कंपनी को दिए 10,000 करोड़ के टेंडर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने स्मार्ट मीटर के टेंडर को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। जूली ने प्रदेश में स्मार्ट मीटर योजना को बंद करने और स्मार्ट मीटर टेंडर की जांच करने की मांग उठाई है। जूली ने लिखित बयान जारी कर कहा कि भाजपा को चंदे के तौर पर दिए बॉण्ड की एवज में सरकार ने नियमों को ताक पर रखकर गोवा में ब्लैक लिस्टेड कंपनी मैसर्स जीनस पावर इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को 10 हजार करोड़ के टेण्डर जारी कर दिए। यह घोटाला है जिसकी जांच होनी चाहिए। जूली ने कहा- कंपनी के ब्लैक लिस्टेड होने के मात्र 23 दिन बाद ही टेण्डर जारी करने से यह साबित होता है कि कितना बड़ा घोटाला है। यह आश्चर्य की बात है कि करीब डेढ करोड़ उपभोक्ताओं के मीटर लगाने के लिये प्रदेश के तीनों बड़े डिस्कॉम जयपुर, अजमेर और जोधपुर ने एक ही कम्पनी को टेंडर दे दिया। 5 अगस्त, 2024 को गोवा सरकार के उर्जा विभाग के चीफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर स्टीफन फर्नांडिस के हस्ताक्षर से मैसर्स जीनस पावर इन्फ्रास्ट्रक्चर लि. और एचपीएल इलेक्ट्रिक एण्ड पावर लि. को ब्लैक लिस्ट करने का आदेश जारी किया गया था।

# बाइक को टक्कर मारकर पलटी स्कॉर्पियो, 5 की मौत

## ड्राइवर ने कंट्रोल खोया, निर्माणाधीन मकान में जा घुसी गाड़ी; 5 गंभीर घायल

बढ़ता राजस्थान

**अनूपपुर ( एजेंसी )।** अनूपपुर में एक स्कॉर्पियो ने बाइक को टक्कर मार दी। इसके बाद पलटी खाते हुए निर्माणाधीन मकान में घुस गई। गाड़ी इतनी रफ्तार से पलटते हुए गई की आगे का कांच टूट गया, जिससे निकलकर दो युवक बाहर गिर गए। हादसे में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दो ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। दो शवों का पोस्टमार्टम कोतमा और तीन का बीजरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। 5 गंभीर घायल हैं, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में भर्ती कराया गया है। एक्सीडेंट सोमवार सुबह करीब 10 बजे रामनगर थाना क्षेत्र के रेऊंदा गांव में हुआ। स्कॉर्पियो सवार अनूपपुर के कोतमा से बेलिया जा रहे थे। मृतकों में से चार स्कॉर्पियो जबकि एक बाइक सवार शामिल है।

# मुंबई पुलिस ने कॉमेडियन कपिल शर्मा की सुरक्षा बढ़ाई

## कनाडा कैफे पर 2 बार फायरिंग हुई; सलमान संग काम करने पर लॉरेंस गैंग धमका चुका

बढ़ता राजस्थान

**अमृतसर ( एजेंसी )।** फेमस कॉमेडियन और एक्टर कपिल शर्मा को लॉरेंस गैंग से कथित तौर पर मिली जान से मारने की धमकी के बाद मुंबई पुलिस ने उनकी सुरक्षा बढ़ा दी है। यह फैसला कपिल के कनाडा स्थित कैप्स कैफे पर दो बार हुई फायरिंग के बाद लिया गया है। बता दें कि पिछले एक महीने में कपिल शर्मा के कैफे पर दो बार फायरिंग हो चुकी है। हालांकि इसमें कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन कैफे को नुकसान पहुंचा था। पहले हमले की जिम्मेदारी खालिस्तानी आतंकी हरजीत सिंह लाड्डी ने ली थी, जो बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़ा है और एनआईए की मोस्ट वांटेड सूची में शामिल है। जबकि, दूसरे की गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों ने ली थी, जिसने खुद को लॉरेंस गैंग का सदस्य बताया। गोल्डी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डाल कर इस हमले की जिम्मेदारी ली थी। उसका कहना था कि जो भी सलमान खान के साथ काम करेगा, उसका यही अंजाम होगा।

# पंजाब सरकार ने लैंड पूलिंग पॉलिसी वापस ली

## हाईकोर्ट ने कहा था- रद्द कर देंगे, किसान भी विरोध में थे; वित्तमंत्री बोले- किसानों को पसंद नहीं आई

बढ़ता राजस्थान

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने विवादों में घिरी लैंड पूलिंग पॉलिसी वापस ले ली है। इस संबंध में पंजाब सरकार के हाउसिंग और अर्बन डेवलपमेंट के प्रिंसिपल सेक्रेटरी ने लेटर जारी कर दिया है। इसमें कहा गया है कि 14 मई 2025 को लाई गई पंजाब लैंड पॉलिसी और इससे जुड़े अमेंडमेंट्स को विड्रॉ किया जा रहा है। इस पॉलिसी के तहत जारी लेटर ऑफ इंटेंट, रजिस्ट्रेशन और किसी तरह के अन्य कार्य वापस लिए जाते हैं।

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति बोले- चीन पर टैरिफ लगाना मुश्किल

बढ़ता राजस्थान

वॉशिंगटन। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने चीन पर ज्यादा टैरिफ लगाने के सवाल पर कहा कि ऐसा कदम उठाना ज्यादा मुश्किल और नुकसानदेह हो सकता है। फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में वेंस ने कहा कि चीन पर टैरिफ लगाने का विचार चल रहा है, लेकिन अभी कोई पक्का फैसला नहीं हुआ है। वेंस ने कहा कि चीन के साथ रिश्ते सिर्फ तेल के मुद्दे तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कई और मामलों को प्रभावित करते हैं, इसीलिए मामला ज्यादा मुश्किल है। अमेरिका ने चीन पर फिलहाल 30% टैरिफ लगा रखा है। 12 अगस्त को इसकी समय सीमा खत्म हो रही है।

**चीन ने जुलाई में 83 हजार करोड़ का तेल खरीदा**-अमेरिकी उपराष्ट्रपति का यह बयान ऐसे समय में आया है जब जुलाई में चीन ने रूस से 10 अरब डॉलर से ज्यादा का तेल खरीदा है। हालांकि इस साल अब तक की कुल खरीद 2024 की तुलना में 7.7% कम है। चीन ने रूस से तेल खरीदने के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि किसी भी देश के साथ आर्थिक और ऊर्जा सहयोग करना चीन का कानूनी अधिकार है। वह अपने राष्ट्रीय हितों के मुताबिक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। ट्रम्प के वरिष्ठ सलाहकार पीटर नवारो ने इससे पहले कहा था कि चीन पर और ज्यादा टैरिफ लगाया जाएगा, इसकी



संभावना कम है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसा करने से अमेरिका को भी नुकसान हो सकता है।

### भारत पर अमेरिका ने एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने पिछले सप्ताह रूस से तेल खरीदने की दलील देकर भारत पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। इसके बाद भारत पर कुल टैरिफ 50% हो गया। एक्स्ट्रा टैरिफ 27 अगस्त से लागू होगा।

भारत ने इस फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए इसे गलत बताया। भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसका तेल आयात पूरी तरह बाजार के हिसाब से तय होता है और यह उसके 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए जरूरी है।

# सुप्रीम कोर्ट बोला-सरकार पुरुषों के लिए सीटें आरक्षित नहीं कर सकती

## ये समानता के अधिकार का उल्लंघन; सेना की कानूनी विंग में आरक्षण नीति रद्द की

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भारतीय सेना की जज एडवोकेट जनरल शाखा में पुरुष और महिला अधिकारियों के लिए 2:1 अनुपात में आरक्षण देने की नीति को रद्द कर दिया। जेएजी सेना की कानूनी विंग है, जहां अधिकारी कानूनी सलाह, कोर्ट-मार्शल मामलों और सैनिकों और उनके परिवारों की कानूनी जरूरतों को देखते हैं। दो महिला उम्मीदवारों की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि यह नीति मनमानी है और संविधान के तहत सभी को मिले समानता के अधिकार का उल्लंघन करती है। स्ट ने कहा, सरकार केवल पुरुषों के लिए सीटें आरक्षित नहीं कर सकती। महिलाओं की सीटें सीमित करना गलत है। असली जेंडर न्यूट्रैलिटी का मतलब है कि सबसे योग्य उम्मीदवार चुने जाएं। दरअसल, दो महिला उम्मीदवार मेरिट लिस्ट में 4वें और 5वें नंबर पर थीं, लेकिन महिलाओं के लिए केवल 3 सीटें होने के कारण उन्हें मौका नहीं मिला। जबकि उनसे कम अंक वाले पुरुष उम्मीदवार चुने गए। वहीं, कोर्ट ने एक याचिकाकर्ता को तुरंत सेवा में शामिल करने का आदेश दिया गया, जबकि दूसरी को राहत नहीं मिली क्योंकि उसने याचिका के दौरान ही नौसेना जॉइन कर ली थी।



### कोर्ट बोला-भरपाई के लिए महिलाओं के लिए कम से कम 50% सीटें रिजर्व करें

जेएजी में कुल 9 पदों में भर्ती होनी थी, इसमें 2:1 अनुपात में आरक्षण के आधार पर 6 पुरुषों और 3 महिलाओं का चयन किया गया। इस पर जस्टिस मनमोहन और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने कहा कि पिछले सालों में महिलाओं को कम मौके मिलने की भरपाई के लिए कम से कम 50% सीटें महिलाओं को दी जाएं, लेकिन अगर महिलाएं पुरुषों से ज्यादा मेरिट में हैं तो उन्हें 50% तक ही सीमित करना भी गलत होगा।

### 6 अगस्त- दिल्ली हाईकोर्ट बोला-महिला अफसरों को सेना में परमानेंट जॉब क्यों नहीं

दिल्ली हाईकोर्ट ने 6 अगस्त को महिलाओं को ष्ष्डर (कम्बाइंड डिफेंस सर्विसेज) परीक्षा के जरिए भारतीय सैन्य अकादमी, नौसेना अकादमी और वायुसेना अकादमी में शामिल न करने को लेकर केंद्र सरकार से जवाब मांगा था।

# लोकसभा में बिना चर्चा के नया आयकर बिल पास : दो खेल विधेयक भी पारित

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** वोटर वेरिफिकेशन और वोटों की चोरी के आरोपों पर हंगामे के बीच सोमवार को बिना चर्चा के नया आयकर बिल (नंबर--2) 2025 और कराधान कानून संशोधन बिल-2025 लोकसभा में पास हो गया। राज्यसभा में गोवा विधानसभा एसटी रिजर्वेशन बिल और मणिपुर से जुड़े 3 विधेयक पेश किए गए। हालांकि इन बिलों को पेश करते समय विपक्ष का हंगामा जारी रहा। इस पर राज्यसभा सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि चर्चा के लिए कहा जा रहा है कि हाउस ऑर्डर में नहीं है और बिल पारित हो रहे हैं। यह लोकतंत्र के साथ धोखा है। लोकतंत्र की रक्षा होनी चाहिए। चेयर को, नेता सदन को यह स्पष्ट करना चाहिए। ये कैसा लोकतंत्र है।

लोकसभा में नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल 2025 और दोपहर 2 बजे लोकसभा के दोबारा शुरू होने पर नेशनल एंटी-डोपिंग (अमेंडमेंट) बिल भी पास हो गया। खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने इसे आजादी के बाद से भारतीय खेलों में सबसे बड़ा सुधार बताया।

इससे पहले विपक्ष के 300 सांसदों ने वोटर वेरिफिकेशन के खिलाफ संसद से चुनाव आयोग के ऑफिस तक मार्च निकाला। इस दौरान राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव समेत कई विपक्षी सांसदों को हिरासत में लिया गया। हालांकि 2 घंटे बाद इन्हें छोड़ दिया गया।

# संजय राउत ने पूछा- जगदीप धनखड़ कहां हैं...?

## शाह को लेटर लिखा, कहा- अफवाह है कि पूर्व उपराष्ट्रपति को उनके घर में कैद किया गया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** शिवसेना (उद्धव गुट) के सांसद संजय राउत ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लेटर लिखा है। उन्होंने पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मौजूदा स्थिति और पते की जानकारी मांगी है। राउत ने लेटर में सवाल उठाया है कि आखिर धनखड़ साहब कहां हैं, उनकी सेहत कैसी है और क्या वे सुरक्षित हैं। राउत ने पत्र में लिखा- हमारे उपराष्ट्रपति (जगदीप धनखड़) के साथ आखिर हुआ क्या है? वे कहां हैं? उनकी तबीयत कैसी है? क्या वे सुरक्षित हैं? देश को इन सवालों का सच जानने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में अफवाहें फैल रही हैं कि धनखड़ को उनके घर में कैद कर दिया गया है और उनकी



सुरक्षा को लेकर आशंका जताई जा रही है। 2 दिन पहले राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा था कि पहली बार है जब 'लापता उपराष्ट्रपति' के बारे में सुना है। दरअसल, धनखड़ ने 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, विपक्ष के कई नेताओं ने इस इस्तीफे पर सवाल उठाते हुए दावा किया कि उन्हें कुछ राजनीतिक मतभेदों के चलते मजबूरन पद छोड़ना पड़ा होगा।

### राउत बोले- धनखड़ की स्वास्थ्य स्थिति बिल्कुल ठीक थी

राउत ने बताया कि 21 जुलाई को संसद का सत्र शुरू हुआ था। सुबह 11 बजे उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कार्यवाही की शुरुआत की। उस दौरान वे पूरी तरह सामान्य दिख रहे थे और सदन का संचालन भी सामान्य तरीके से किया। सत्र के दौरान उनकी विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे से बहस भी हुई, जिसके बाद कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

# सोना 985 सस्ता हुआ, 99,957 प्रति दस ग्राम पर पहुंचा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में आज (11 अगस्त) गिरावट देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, सोमवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 985 रुपए घटकर 99,957 रुपए पर आ गया है। शुक्रवार को इसके दाम 1,00,942 रुपए प्रति दस ग्राम थे। इस साल सोना 23,795 रुपए महंगा हो चुका है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम सोने की कीमत 76162 रुपए थी। 8 अगस्त को सोने के दाम 1,01,406 प्रति 10 ग्राम के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए थे। वहीं, एक किलो चांदी 1,231 रुपए गिरकर 1,13,501 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले शुक्रवार को चांदी 1,14,732 रुपए किलो प्रति पर थी। चांदी के दाम 23 जुलाई को अपने ऑल टाइम हाई 1,15,850 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गए थे।

# उदयपुर में 8 साल की बच्ची से रेप

## आक्रोशित भीड़ ने पुलिस-एसडीएम की गाड़ी तोड़ी, रोड जाम किया; बसों में भी की तोड़फोड़

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** उदयपुर में 8 साल की बच्ची से रेप के बाद स्थानीय लोग उग्र हो गए। डबोक थाने के सामने बड़ी संख्या में लोग जुटे और एसडीएम, पुलिस और अन्य प्राइवेट गाड़ियों में तोड़फोड़ की। इसके बाद उदयपुर-डबोक सर्विस रोड जाम कर दिया।

बिगड़ते हालात को देखते हुए अफसरों के साथ ही तीन थानों की पुलिस मौके पर पहुंचे और पूरा इलाका छावनी में तब्दील हो गया। दोपहर में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने नाबालिग से रेप करना कबूल कर लिया।

इसके बाद दोपहर करीब 2 बजे मामला शांत हुआ। पुलिस ने गाड़ियों पर पथराव करने के मामले में 39 लोगों को डिटेन किया है और 13 बाइक जब्त की गई है।

थानाधिकारी हुकम सिंह ने बताया- बच्ची रविवार की शाम करीब 7:30 बजे खेत पर गई थी। तभी एक व्यक्ति वहां आया और मुंह दबाकर बच्ची को पास की झाड़ियों की तरफ ले गया। फिर डरा-धमकाकर उसके साथ रेप किया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। बदहवास बच्ची जैसे-तैसे घर पहुंची। परिजनों को पूरी घटना बताई।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# बीजेपी-प्रदेशाध्यक्ष बोले-कई मंत्रियों को संगठन में लेने की सोच रहे

## कौन किस मोर्चे पर फिट होगा यह संगठन तय करेगा, सब काम आवश्यकता होने पर करेंगे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कुछ मंत्रियों को हटाकर पार्टी संगठन में लेने के संकेत दिए हैं। मदन राठौड़ ने कहा- हम तो कई मंत्रियों को भी संगठन में लेने की सोच रहे हैं। हमारे यहां से भी कई जा सकते हैं, उधर से भी हम ले सकते हैं। हमारे यहां संगठन सर्वोपरि है। संगठन सत्ता बनाता है, इसलिए सत्ता में जिसकी जरूरत होगी, उसको सत्ता में भेजेंगे। हमारे यहां तो सिपाही हैं। हमारा कार्यकर्ता सिपाही है, कहीं भी भेजो वहां काम करेगा।

कुछ मंत्रियों को हटाकर संगठन में लेने और संगठन पदाधिकारियों को सरकार में लेने की तैयारी के सवाल पर राठौड़ ने कहा- क्यों नहीं, सिपाही को किस मोर्चे पर भेजना है। यह तो संगठन तय करेगा। किस मोर्चे पर वह फिट होता है। यह तो संगठन तय करेगा। लेकिन यह सब काम आवश्यकता होने पर करेंगे। कब करेंगे यह आपको बता देंगे।

### मदन राठौड़ के बयान के सियासी मायने, कई मंत्रियों को हटाने के संकेत

बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के बयान की सियासी हलकों में चर्चा हो रही है। राठौड़ के इस बयान को कुछ मंत्रियों को हटाने से जोड़कर देखा जा रहा है। मंत्रियों को संगठन में पद देने के बयान से यह साफ है कि जब भी मंत्रिमंडल फेरबदल होगा, कई मंत्रियों को हटाकर उनकी जगह नए चेहरों को मौका दिया जाएगा। उधर, संगठन के कुछ पदाधिकारियों को सरकार में पद देने के भी संकेत हैं।



### मंत्रिमंडल फेरबदल और राजनीतिक नियुक्तियों का इंतजार

भजनलाल सरकार में लंबे समय से मंत्रिमंडल फेरबदल और विस्तार को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। बीजेपी के जानकार सूत्रों का दावा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर फैसला होने के बाद ही राजस्थान में मंत्रिमंडल फेरबदल होने के आसार हैं। लंबे समय से प्रदेश कार्यकारिणी भी अटकी हुई है। बीजेपी में नई प्रदेश कार्यकारिणी का भी लंबे समय से इंतजार है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार